# जी.के. डायजेस्ट

## जूलाई 2018



Powered by :

gradeup

# मंथली डाइजेस्ट
# जुलाई -2018

प्रिय पाठकों,
यह मंथली डाइजेस्ट अपडेट **जुलाई 2018** में हुई महत्वपूर्ण समाचार और घटनाओं का एक संग्रह है। इस फ़ाइल **बैंकिंग साक्षात्कार** और आगामी **बैंकिंग परीक्षा** के लिए महत्वपूर्ण है।

## बैंकिंग एवं वित्तीय जागरूकता

**1.** उपभोक्ताओं के हितों की रक्षा के लिए केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर एवं सीमा शुल्क बोर्ड (सी.बी.आई.सी) द्वारा विकसित और लॉन्च किया गया मोबाइल ऐप -- **'GST Verify'।**
**नोट:** ऐप इस बात की जांच करेगा कि उपभोक्ता से जी.एस.टी लेने वाला व्यक्ति इसे प्राप्त करने के योग्य है या नहीं।

**2.** यह जी.एस.टी संग्रहित करने वाले व्यक्ति/कंपनी का ब्योरा भी प्रदान करता है।म्यूचुअल फंड का व्यवसाय आरंभ करने के लिए पूंजी बाजार नियामक **सेबी** (भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड) से अंतिम मंज़ूरी प्राप्त करने वाला बैंक-- **येस बैंक।**
**नोट:** येस एस्सेट मैनेजमेंट (इंडिया) लिमिटेड (YAMIL) अगले 6-12 महीनों में ऋण एवं शेयर बाजार दोनों स्पेक्ट्रम में फंड जारी करेगा।बैंक ने निदेशक मंडल और संरक्षकों के मार्गदर्शन में संचालन स्थापित करने के लिए एक टीम नियुक्त की है।

**3.** भारत के निजी क्षेत्र में माल एवं सेवा कर (जी.एस.टी), उत्पाद एवं सीमा शुल्क और आयकर का सबसे बड़ा भुगतानकर्ता -- **रिलायंस।**
**नोट:** रिलायंस प्रत्येक प्रमुख व्यवसाय (रिफाइनिंग, पेट्रोकेमिकल्स, खुदरा एवं डिजिटल सेवाओं) के साथ 10 बिलियन अमेरिकी डॉलर से अधिक का PBDIT (Profit Before Depreciation Interest and Taxes) दर्ज करने वाली पहली भारतीय कंपनी बन गई है।कंपनी का समेकित राजस्व एक वर्ष पहले की इसी तिमाही के 92,889 करोड़ रुपये की तुलना में 1,29,120 करोड़ रुपये (वित्त वर्ष 18 की चौथी तिमाही के दौरान 39% वृद्धि) था।

**4.** **पैन-आधार लिंक** करने की समय-सीमा 31 मार्च, 2019 तक बढ़ाने वाला कर विभाग का नीति निर्माण निकाय -- **केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सी.बी.डी.टी)।**
**नोट:**यह पांचवीं बार है जब सरकार ने लोगों के लिए बॉयोमैट्रिक पहचान आधार से अपने स्थाई खाता संख्या को लिंक करने की समय-सीमा बढ़ाई है।मौजूदा पैन कार्ड धारकों को भी अपनी आधार संख्या को लिंक करने के लिए प्रक्रिया को पूरा करने की आवश्यकता थी।**केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर एवं सीमा शुल्क बोर्ड** (सी.बी.आई.सी) भारत में सीमा शुल्क, जी.एस.टी, केंद्रीय उत्पाद शुल्क, सेवा कर और नारकोटिक्स के प्रबंधन के लिए उत्तरदायी राष्ट्रीय नोडल एजेंसी है।

**5.** किन बैंकों की गैर-निष्पादित संपत्तियों (एन.पी.ए) या बुरे ऋणों के शीघ्र समाधान के लिए स्वतंत्र परिसंपत्ति प्रबंधन कंपनियां (ए.एम.सी) और संचालन समितियां स्थापित की जाएंगी -- **राज्य संचालित बैंकों के लिए।**
**नोट:**केंद्र सरकार ने पंजाब नेशनल बैंक के अध्यक्ष **सुनील मेहता** की अध्यक्षता वाली समिति के नेतृत्व में एन.पी.ए समाधान योजना को स्वीकार कर लिया है।

**6.** ऑक्सीजन खुदरा केंद्रों में अपने बीमा उत्पादों के वितरण के लिए **ऑक्सीजन सर्विसेज इंडिया प्राइवेट लिमिटेड** के





साथ अपने समझौते की घोषणा **इंडिया फर्स्ट लाइफ इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड ने** की।

**नोट:**इंडिया फर्स्ट लाइफ इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड बैंक ऑफ बड़ौदा, आंध्रा बैंक और लीगल एंड जनरल (यू.के) के बीच संयुक्त उद्यम है।ऑक्सीजन मनी ट्रांसफर और प्रीपेड रीचार्ज के प्रमुख प्रदाताओं में से एक है जो न्यूनतम 10 रुपये है।

7. प्रधानमंत्री **नरेंद्र मोदी** की अध्यक्षता में आर्थिक मामलों की मंत्रिमंडल समिति (सी.सी.ई.ए) ने किन के **न्यूनतम समर्थन मूल्य** (एम.एस.पी) में वृद्धि की **14 खरीफ फसलों।**

   **नोट:** सरकार के मूल्य सलाहकार निकाय सी.ए.सी.पी ने धान की उत्पादन लागत की गणना 1,166 रुपए प्रति क्विंटल की है। वर्ष 2018-19 सत्र के लिए धान (सामान्य ग्रेड) का एम.एस.पी 200 रुपये से बढ़कर 1,750 रुपये प्रति क्विंटल हो गया। ग्रेड A प्रकार के धान की कीमत 180 रुपये प्रति क्विंटल से बढ़ाकर 1,770 रुपये कर दी गई है। एम.एस.पी में वृद्धि से राजकोष पर 15,000 करोड़ रुपये से अधिक का प्रभाव पड़ेगा।

8. भारतीय रिजर्व बैंक (आर.बी.आई) द्वारा भारत में संचालन शुरू करने के लिए लाइसेंस प्राप्त करने वाला बैंक **-- बैंक ऑफ चाइना।**

   **नोट:** यह देश में संचालित चीन का दूसरा बैंक (पहला इंडस्ट्रियल एंड कॉमर्शियल बैंक ऑफ चाइना लिमिटेड) होगा।बैंक ऑफ चाइना की स्थापना रिपब्लिकन सरकार द्वारा वर्ष 1912 में दाकिंग बैंक के स्थान पर की गई थी।बैंक ऑफ चाइना चीन में चार सबसे बड़े सरकारी स्वामित्व वाले वाणिज्यिक बैंकों (फारमर्स बैंक ऑफ चाइना, बैंक ऑफ कम्युनिकेशंस एंड सेंट्रल बैंक ऑफ द रिपब्लिक ऑफ चाइना) में से एक है।

9. भारतीय सेना ने रक्षा वेतन पैकेज पर किस बैंक के साथ समझौता ज्ञापन (एम.ओ.यू) पर हस्ताक्षर किए_____**भारतीय स्टेट बैंक (एस.बी.आई)।**

   **नोट:** इस समझौता ज्ञापन से एस.बी.आई में खाता रखने वाले अनेकों सेवारत और सेवानिवृत्त सैन्य कर्मियों को लाभ होगा। भारतीय सेना के अनुसार, संशोधित एम.ओ.यू सैनिकों, पेंशनभोगियों और उनके परिवारों की सेवा की आवश्यकताओं के अनुरूप तैयार किया गया है।

10. अपने वर्चुअल असिस्टेंट **'आर्य'** (Arya) के माध्यम से फेसबुक मैसेंजर पर म्यूचुअल फंड लेन-देन युक्त सेवा किसने लॉन्च की -- **एच.डी.एफ.सी सिक्योरिटीज।**

    **नोट:** एच.डी.एफ.सी सिक्योरिटीज (एच.डी.एफ.सी बैंक की सहायक) ने "द पेस ऑफ इनोवेशन" नामक एक थीम तैयार की है जिसे ग्राहकों को सहज ज्ञान युक्त, प्रासंगिक डिजिटल समाधान प्रदान करने के लिए संरचित किया गया है।

11. डिमांड ड्राफ्ट, पे ऑर्डर, बैंकर्स चेक और अन्य दस्तावेजों पर क्रेता के नाम को दर्ज करना किसने अनिवार्य किया___ **भारतीय रिजर्व बैंक (आर.बी.आई)।**

    **नोट:** यह निर्देश इस वर्ष 15 सितंबर से प्रभावी होगा।आर.बी.आई ने मनी लॉडरिंग के लिए अज्ञात डी.डी. (डिमांड ड्राफ्ट) के संभावित दुरुपयोग से संबंधित उत्पन्न चिंताओं को दूर करने की दृष्टि से यह निर्णय लिया।

12. भारतीय रिजर्व बैंक (आर.बी.आई) ने अन्य कारणों के बीच अपने जमाकर्ताओं को पूर्णतया और दावा करने के समय भुगतान करने की स्थिति में ना होने की वजह से किस सहकारी बैंक का लाइसेंस रद्द कर दिया -- **अलवर अर्बन को-ऑपरेटिव बैंक (राजस्थान)।**

    **नोट:** आर.बी.आई के अनुसार, लाइसेंस का रद्द होना इस वर्ष 5 जुलाई के कारोबार की समाप्ति से प्रभावी है।लाइसेंस रद्द होने के कारण बैंक को बैंकिंग कारोबार का संचालन करने से मना कर दिया गया है, जिसमें जमा स्वीकारना और तत्काल प्रभाव से जमा धन अदायगी शामिल है।

gradeup



फ्री टेस्ट
बैंक, असअससी, आरआरबी, गेट
जेईई, नीट तथा अन्य परीक्षाएं
अटेम्प्ट करें

**13.** प्रमुख ब्याज दर निर्धारित करने वाली बैठक के तीन दिवसीय प्रारूप को जारी रखने का फैसला करने वाली **मौद्रिक नीति समिति है ।**

**नोट:** एम.पी.सी दो दिवसीय बैठक करती थी, लेकिन पिछली बैठक "कुछ प्रशासनिक अनिवार्यताओं" के कारण तीन दिनों तक चली थी। वर्ष 2018-19 के लिए तीसरी द्वि-मासिक मौद्रिक नीति 1 अगस्त, 2018 को जारी की जाएगी।

**14.** 'धनलक्ष्मी बैंक लिमिटेड' ने प्रबंध निदेशक (एम.डी) और सी.ई.ओ के रूप में **टी. लता को** नियुक्त किया।

**नोट:** उसने जी. श्रीराम की जगह ली। धनलक्ष्मी बैंक लिमिटेड निजी क्षेत्र का एक पुराना बैंक है जिसका मुख्यालय भारत में केरल के त्रिशूर शहर में है।

**15.** **भारत** किस संदर्भ में फ्रांस को पीछे छोड़ते हुए दुनिया की **छठी** सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया -- **सकल घरेलू उत्पाद (जी.डी.पी)।**

**नोट:** विश्व बैंक के वर्ष 2017 के आंकड़ों के अनुसार, पिछले वर्ष के अंत में भारत का सकल घरेलू उत्पाद (जी.डी.पी) 2.597 ट्रिलियन डॉलर था, जबकि फ्रांस का 2.582 ट्रिलियन डॉलर था।

- पहला स्थान **यू.एस.ए.** का है।

**16.** किसानों के लिए राष्ट्रव्यापी किसान मेला को एक सहायता कार्यक्रम के रूप में आयोजित करने वाला और वित्तीय साक्षरता प्रदान करने वाला **भारतीय स्टेट बैंक है।**

**नोट:** एस.बी.आई को 18 जुलाई को होने वाले किसान मेले में देश भर में लगभग 14,000 ग्रामीण और अर्ध-शहरी शाखाओं के माध्यम से 10 लाख किसानों को शामिल करने की उम्मीद है। किसान मेला के भाग के रूप में, बैंक किसानों को खाते को नवीनीकृत करने पर अपनी क्रेडिट सीमा में 10 प्रतिशत की वृद्धि के साथ किसान क्रेडिट कार्ड (के.सी.सी) भी प्रदान करेगा।

17. भारतीय जीवन बीमा निगम ने कर्ज में डूबे किस बैंक में 51% हिस्सेदारी के अधिग्रहण को मंजूरी प्रदान की -- **आई.डी.बी.आई बैंक।**

**नोट:** आर्थिक मामलों के सचिव **सुभाष चंद्र गर्ग** के अनुसार, यह समझौता वरीयता शेयरों के माध्यम से होगा।इसे लगभग 2,000 शाखाएं प्राप्त होंगी जिसके माध्यम से यह अपने उत्पादों को बेच सकता है, जबकि बैंक को एल.आई.सी से भारी धन मिलेगा। बैंक को लगभग 22 करोड़ पॉलिसीधारकों और निधियों के अनुवर्ती प्रवाह का विवरण भी मिलेगा।

**18.** आई.सी.आई.सी.आई बैंक का गैर-कार्यकारी अध्यक्ष **गिरीश चंद्र चतुर्वेदी को** नियुक्त किया गया।

**नोट:** भारतीय रिजर्व बैंक ने आई.सी.आई.सी.आई बैंक के गैर-कार्यकारी (अंशकालिक) अध्यक्ष के रूप में **गिरीश चंद्र चतुर्वेदी** की 30 जून, 2021 तक के लिए नियुक्ति को मंजूरी दे दी।निजी ऋणदाता ने 29 जून को कंपनी के गैर-कार्यकारी अध्यक्ष के रूप में पूर्व पेट्रोलियम सचिव को नियुक्त किया था।

**19.** वित्त मंत्रालय ने कितने पी.एस.यू बैंकों में 11,336 करोड़ रुपये के पूंजी निवेश को मंजूरी दी -- **पांच।**

**नोट:** पंजाब नेशनल बैंक को अधिकतम राशि 2,816 करोड़ रुपये मिलेगी, इसके बाद कॉर्पोरेशन बैंक को 2,555 करोड़ रुपये की निवेश पूंजी प्राप्त होगी।अन्य बैंक इंडियन ओवरसीज बैंक (2,157 करोड़ रुपये), आंध्र बैंक (2,019 करोड़ रुपये) और इलाहाबाद बैंक (1,790 करोड़ रुपये) हैं।

**20.** अपनी पहली 'समस्त-महिला शाखा' का उद्घाटन करने वाला बैंक -- **जम्मू एवं कश्मीर बैंक।**

**नोट:** नई शाखा की 13 महिला कर्मचारियों को सम्मान पदक प्रदान किए गए।

**21.** वित्तीय वर्ष 2017-18 के लिए तमिलनाडु में स्वयं सहायता समूह (एस.एच.जी) श्रृंखला में अपनी सेवा हेतु नाबार्ड 2018 पुरस्कार से सम्मानित एक गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनी -- **रेप्को माइक्रो फाइनेंस लिमिटेड।**





**नोट:** एन.बी.एफ.सी ने 50,000 एस.एच.जी के माध्यम से 10 लाख लाभार्थियों को 2,500 करोड़ रुपये के ऋण दिए हैं। रेप्को माइक्रो फाइनेंस लिमिटेड (आर.एम.एफ.एल) वर्ष 2007 में रेप्को एम.एस.एम.ई डेवलपमेंट एंड फाइनेंस लिमिटेड के रूप में निगमित हुआ और वर्ष 2010 में भारतीय रिजर्व बैंक के साथ एन.बी.एफ.सी के रूप में पंजीकृत हुआ।

22. तेलंगाना में संयुक्त देयता समूह (जे.एल.जी) के माध्यम से संपार्श्विक मुक्त क्रेडिट प्रदान करने के लिए भारतीय स्टेट बैंक के साथ समझौता करने वाला शीर्ष विकास वित्तीय संस्थान -- **नाबार्ड।**

**23.** केंद्र सरकार ने **सुकन्या समृद्धि योजना** (एस.एस.वाई) के तहत खातों के लिए न्यूनतम वार्षिक जमा राशि कम करके कितनी कर दी है -- **250 रुपये।**

**नोट:** सुकन्या समृद्धि खाते पर ब्याज की दर प्रत्येक तिमाही संशोधित की जाती है (जुलाई-सितंबर तिमाही के लिए 8.1% पर)।**सुकन्या समृद्धि योजना** (एस.एस.वाई) योजना के तहत, माता-पिता या कानूनी अभिभावक कन्या के नाम पर **10 वर्ष की उम्र तक** खाता खोल सकते हैं।

**24.** उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में दक्षिण पूर्व एशिया का पहला जलवायु परिवर्तन केंद्र (सी.सी.सी) किसने लॉन्च किया -- **नाबार्ड।**

**नोट:** केंद्र का उद्देश्य सरकारी, निजी, वित्तीय और गैर-सरकारी क्षेत्रों के विभिन्न हितधारकों द्वारा समेकित जलवायु कार्यवाही में तेजी लाना है।

**25.** केंद्र सरकार ने कुछ निश्चित करदाताओं के लिए आयकर रिटर्न दाखिल करने की देय तिथि कब तक बढ़ा दी है -- **31 अगस्त, 2018।**

**नोट:** इससे पहले कर निर्धारण वर्ष 2018-19 के लिए आयकर रिटर्न दाखिल करने की तारीख इस महीने की 31 थी।

**26.** वाहनों के थर्ड पार्टी बीमा मूल्य निर्धारण पहलुओं की जांच करने और वर्ष 2019-20 के लिए प्रीमियम दरों पर सिफारिश पेश करने के लिए 16 सदस्यीय समिति किसने गठित की -- **आई.आर.डी.ए.आई।**

**नोट:** यह पहली बार है जब बीमा नियामक एवं विकास प्राधिकरण ने ऐसी समिति बनाई है।IRDAI सदस्य पी.जे. जोसेफ समिति के अध्यक्ष होंगे।

**27.** ई.डब्ल्यू.एस (आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग) और एल.आई.जी (निम्न आय वर्ग) श्रेणी के तहत क्रेडिट लिंक्ड सब्सिडी योजना (सी.एल.एस.एस) में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने के लिए प्राथमिक ऋण संस्थान के पुरस्कार से सम्मानित बैंक -- **एच.डी.एफ.सी बैंक।**

**नोट:** वित्त वर्ष 18 के दौरान, एच.डी.एफ.सी बैंक ने ई.डब्ल्यू.एस और एल.आई.जी वर्ग के ग्राहकों को वॉल्यूम टर्म में 38% और वैल्यू टर्म में 19% आवास ऋण मंजूर किए थे। सी.एल.एस.एस ग्राहकों को आवास ऋण प्रदान करने के लिए प्रधान मंत्री आवास योजना (पी.एम.एई) के तहत जून, 2015 में पेश किया गया था।

**28.** ऑक्सीजन के फ्लैगशिप प्वाइंट ऑफ सेल डिवाइस का उपयोग करके शाखा सहित सेवा लॉन्च करने के लिए किसने एक समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं -- **ऑक्सीजन और फिनकेयर स्मॉल फाइनेंस बैंक।**

**नोट:** कार्यक्रम का आकर्षण ब्रांड एंबेसडर ग्रैंड मास्टर विश्वनाथन आनंद होंगे।

**29.** निजी क्षेत्र के किस ऋणदाता को बहरीन, कुवैत और सिंगापुर में कार्यालय खोलने की नियामक मंजूरी मिली है, लेकिन संचालन शुरू होने से पहले स्थानीय मंजूरी का इंतजार है -- **फेडरल बैंक।**

**नोट:** फेडरल बैंक के पास पहले से ही अबू धाबी और दुबई में प्रतिनिधि कार्यालय हैं, और विस्तार करने की बैंक की इच्छा तब आई है जब इसके बड़े सहकर्मी अपनी विदेशी उपस्थिति को कम कर रहे हैं।





## महत्वपूर्ण दिवस

1. भारत में राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस प्रत्येक वर्ष **1 जुलाई को** मनाया जाता है।
**नोट:** यह डॉक्टरों के लिए एक महत्वपूर्ण दिवस है क्योंकि यह उन्हें अपने करियर को प्रतिबिंबित करने और नैतिक तरीके से कला एवं विज्ञान और शल्य चिकित्सा के अभ्यास की याद दिलाता है। डॉ. रॉय को देश के सर्वोच्च नागरिक पुरस्कार 'भारत रत्न' से सम्मानित किया गया था।
2. अंतर्राष्ट्रीय सहकारी समिति दिवस दुनिया भर में **7 जुलाई को** मनाया गया।
**नोट:** इसके मूलभूत उद्देश्यों में संवहनीय विकास के पहलू शामिल हैं और यह नैतिक मूल्यों और सिद्धांतों पर आधारित हैं। वर्ष 2018 का विषय 'सहयोग के माध्यम से संवहनीय समाज' (Sustainable societies through cooperation) है।
3. विश्व जनसंख्या दिवस हर वर्ष दुनिया भर में मनाया जाता है **-- 11 जुलाई।**
**नोट:** इस वर्ष का विषय 'परिवार नियोजन एक मानव अधिकार' (Family Planning is a Human Right) है। इस वर्ष 1968 के अंतर्राष्ट्रीय मानवाधिकारों सम्मेलन की 50वीं वर्षगांठ है, जहां पहली बार परिवार नियोजन को वैश्विक स्तर पर मानव अधिकार मानने की पुष्टि की गई थी।
5. नेल्सन मंडेला अंतर्राष्ट्रीय दिवस नेल्सन मंडेला के सम्मान में मनाया जाने वाला एक वार्षिक अंतर्राष्ट्रीय दिवस है_____ 18 जुलाई (मंडेला का जन्मदिन)।
6. कारगिल युद्ध के शूरवीरों के सम्मान में कारगिल विजय दिवस मनाया गया -- **26 जुलाई।**
**नोट:** 26 जुलाई, 1999 को, भारत ने ऊंचाई पर स्थित चौकियों की कमान वापस पाने में सफलता हासिल की थी जो पाकिस्तानी घुसपैठियों द्वारा छीन ली गई थी।जम्मू-कश्मीर के कारगिल शहर में स्थित **द्रास युद्ध स्मारक** में तीन दिवसीय उत्सव पहले ही (24 जुलाई को) शुरू हो गया था।कारगिल युद्ध 60 से अधिक दिनों तक लड़ा गया था, भारतीय सशस्त्र बलों के 527 सैनिकों ने युद्ध के दौरान अपना जीवन बलिदान किया था।
7. हेपेटाइटिस के बारे में वैश्विक जागरूकता फैलाने और रोकथाम, निदान एवं उपचार को प्रोत्साहित करने के लिए विश्व हेपेटाइटिस दिवस दुनिया भर में मनाया गया -- **28 जुलाई।**
**नोट**:इस वर्ष का विषय **"जांच, इलाज, हेपेटाइटिस"** है।विश्व हेपेटाइटिस दिवस डब्ल्यू.एच.ओ द्वारा चिह्नित आठ आधिकारिक वैश्विक सार्वजनिक स्वास्थ्य अभियानों में से एक है।
8. बाघ संरक्षण के प्रति जागरूकता हेतु अंतर्राष्ट्रीय बाघ दिवस (आई.टी.डी) वैश्विक स्तर पर मनाया जाता है -- **29 जुलाई।**
**नोट**:इस दिवस का लक्ष्य बाघों के प्राकृतिक आवासों की सुरक्षा और बाघ संरक्षण मुद्दों के प्रति जन जागरूकता और समर्थन बढ़ाने के लिए वैश्विक प्रणाली को बढ़ावा देना है।वर्ष 2010 में, सेंट पीटर्सबर्ग बाघ शिखर सम्मेलन के दौरान 29 जुलाई को बाघ दिवस के रूप में मनाया जाने का फैसला किया गया था।
9. व्यक्तियों में तस्करी के खिलाफ विश्व दिवस हर साल मनाया जाता है **-- 30 जुलाई।**
**नोट**:दिन मानव तस्करी के पीड़ितों की स्थिति और उनके अधिकारों के प्रचार और संरक्षण के बारे में जागरूकता बढ़ाता है। 8 2018 विषय "बच्चों और युवाओं के तस्करी के जवाब में" इस तथ्य पर प्रकाश डाला गया है कि लगभग एक तिहाई तस्करी पीड़ित बच्चे हैं।



फ्री टेस्ट
बैंक, असअससी, आरआरबी, गेट
जेईई, नीट तथा अन्य परीक्षाएं
अटेम्प्ट करें

## नयी नियुक्तियाँ

1. यूनाइटेड इंडिया इंश्योरेंस का निदेशक और जी.एम **विजय श्रीनिवास** को नियुक्त किया गया।
**नोट:** इससे पहले, वह नेशनल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड के **मुख्य विपणन अधिकारी** (सी.एम.ओ) और **महाप्रबंधक** (जी.एम) के रूप में सेवा कर रहे थे। श्रीनिवास ने बीमा, कर और अन्य विषयों की पत्रिकाओं में लेख लिखकर भी योगदान दिया है।
2. दिल्ली एवं जिला क्रिकेट संघ (डी.डी.सी.ए) के अध्यक्ष पद पर नव निर्वाचित भारतीय पत्रकार **रजत शर्मा है।**
**नोट:** उन्होंने डी.डी.सी.ए चुनाव 2018 में पूर्व क्रिकेटर मदन लाल को 517 वोटों से हराया।
3. भारतीय भुगतान परिषद (पी.सी.आई) ने नए अध्यक्ष के रूप में **विश्वास पटेल को** नियुक्त किया गया।
**नोट: भारतीय भुगतान परिषद** (पी.सी.आई) की स्थापना वर्ष 2013 में डिजिटल भुगतान उद्योग की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए IAMAI के तत्वावधान में की गई थी।पी.सी.आई भारतीय रिज़र्व बैंक (आर.बी.आई), वित्त मंत्रालय और भारत सरकार को कम नकदी वाला समाज बनाने के लिए किसी भी तरह के सरकारी, विभागों, निकायों या संस्थान के साथ मिलकर कार्य करता है।
4. सी.ए.टी के अध्यक्ष के रूप में नियुक्त पटना हाईकोर्ट के पूर्व मुख्य न्यायाधीश **न्यायमूर्ति एल. नरसिम्हा रेड्डी है।**
**नोट:** केंद्रीय मंत्रिमंडल ने **केंद्रीय प्रशासनिक न्यायाधिकरण** (सी.ए.टी) के अध्यक्ष के रूप में न्यायमूर्ति **एल. नरसिम्हा रेड्डी** (पटना हाईकोर्ट के पूर्व मुख्य न्यायाधीश) की नियुक्ति को मंजूरी दी। वह **वन रैंक वन पेंशन** (ओ.आर.ओ.पी) योजना के कार्यान्वयन के अवलोकन हेतु केंद्र द्वारा नियुक्त न्यायिक आयोग के व्यक्तियों में से एक थे।
5. पांच वर्ष की अवधि के लिए **राष्ट्रीय हरित न्यायाधिकरण** (एन.जी.टी) का नया अध्यक्ष **न्यायमूर्ति आदर्श कुमार गोयल को** नियुक्त किया गया।
**नोट:** राष्ट्रीय हरित न्यायाधिकरण अधिनियम, 2010 (एन.जी.टी) भारतीय संसद का एक अधिनियम है जो पर्यावरणीय मुद्दों से संबंधित मामलों के शीघ्र निपटान के लिए एक विशेष न्यायाधिकरण के निर्माण को सक्षम बनाता है।
6. प्रसारण सामग्री शिकायत परिषद (बी.सी.सी.सी) के सदस्य के रूप में पूर्व सूचना एवं प्रसारण (आई एंड बी) सचिव उदय कुमार वर्मा नियुक्त किए गए है।
**नोट:** बी.सी.सी.सी भारतीय प्रसारण संस्था (आई.बी.एफ) द्वारा भारत में सभी गैर-समाचार वाले सामान्य मनोरंजन चैनलों से संबंधित शिकायतों को देखने के लिए एक स्वतंत्र स्व-नियामक निकाय स्थापित किया है।
7. हैदराबाद उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश **न्यायमूर्ति टी.बी.एन राधाकृष्णन है।**
**नोट:** उन्हें वर्ष 2004 में केरल उच्च न्यायालय के न्यायाधीश के रूप में नियुक्त किया गया था और उन्होंने वर्ष 2015 में केरल उच्च न्यायालय के कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश के रूप में कार्य किया था।वर्ष 2017 में, उन्हें छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश के रूप में पदोन्नत किया गया था।
8. भारत वैश्विक संबंध परिषद (आई.सी.डब्ल्यू.ए) के पूर्व अधिकारी सदस्य **डॉ. टी.सी.ए. राघवन** को परिषद का महानिदेशक नियुक्त किया गया।
**नोट:** भारत वैश्विक संबंध परिषद (आई.सी.डब्ल्यू.ए) की स्थापना वर्ष 1943 में भारतीय बुद्धिजीवियों के समूह ने थिंक टैंक के रूप में की थी।इसे पंजीकरण समिति अधिनियम 1860 के तहत गैर-सरकारी, गैर-राजनीतिक

gradeup





और गैर-लाभकारी संगठन के रूप में स्थापित किया गया था।

9. भारतीय विश्वविद्यालय महासंघ (ए.आई.यू) के 97वें अध्यक्ष का कार्यभार **डॉ. संदीप संचेती को** सौंपा गया।
**नोट:** ए.आई.यू की स्थापना वर्ष 1925 में हुई थी, और प्रारंभ में इसे इंटर-यूनिवर्सिटी बोर्ड ऑफ इंडिया के नाम से जाना जाता था।

10. हिमाचल प्रदेश के राज्यपाल का अतिरिक्त प्रभार संभालने वाले हरियाणा के राज्यपाल **कप्तान सिंह सोलंकी है।**
**नोट:** सोलंकी को शिमला के राजभवन में आयोजित एक समारोह में हिमाचल प्रदेश के कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश संजय कैरोल द्वारा पद की शपथ दिलाई गई।एक आधिकारिक विज्ञप्ति के अनुसार, देवव्रत अमेरिका की निजी यात्रा के कारण 2 अगस्त तक अवकाश पर हैं।

11. धातु एवं खनन क्षेत्र की दिग्गज कंपनी **वेदांता लिमिटेड** के पूर्णकालिक निदेशक के रूप में **नवीन अग्रवाल को** नियुक्त किया गया।
**नोट:** पूर्णकालिक निदेशक के रूप में अग्रवाल की पुन: नियुक्ति 1 अगस्त, 2018 से शुरू होने वाली पांच वर्ष की अवधि के लिए है और कंपनी की आगामी वार्षिक आम बैठक में शेयरधारकों की मंजूरी के अधीन है।

12. **अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद** (ए.आई.सी.टी.ई) के अध्यक्ष के रूप में **प्रोफेसर अनिल डी. सहस्रबुद्धे को** पुन: नियुक्त किया गया**।**
**नोट:** ए.आई.सी.टीई की स्थापना मानव संसाधन विकास मंत्रालय (एच.आर.डी) के उच्च शिक्षा विभाग के तत्वावधान में नवंबर, 1945 में हुई थी।यह देश में तकनीकी शिक्षा और शिक्षा प्रणाली के प्रबंधन की योजना और समन्वय के लिए उत्तरदायी तकनीकी शिक्षा की एक राष्ट्रीय स्तर की परिषद है।

13. मैक्स फाइनेंशियल सर्विसेज के गैर-कार्यकारी अध्यक्ष के रूप में किसे नियुक्त किया गया -- **अनलजीत सिंह।**
**नोट:** मैक्स फाइनेंशियल सर्विसेज ने अपने प्रायोजक और संस्थापक शेयरधारक **अनलजीत सिंह** को कंपनी के गैर-कार्यकारी अध्यक्ष के रूप में नियुक्त किया है।मैक्स लाइफ इंश्योरेंस कंपनी भारत में सबसे बड़ी गैर-बैंकिंग निजी जीवन बीमा कंपनी है और मैक्स ग्रुप के राजस्व में दो तिहाई से अधिक योगदान देती है।

14. **राष्ट्रीय दिव्यांग जन रोजगार संवर्धन केंद्र** (एन.सी.पी.ई.डी.पी) ने अपना कार्यकारी निदेशक किसे नियुक्त किया -- **अरमान अली।**
**नोट:**वह 1 अक्टूबर, 2018 से कार्यभार संभालेंगे।राष्ट्रीय दिव्यांग जन रोजगार संवर्धन केंद्र (एन.सी.पी.ई.डी.पी) वर्ष 1996 में स्थापित एक ट्रस्ट है।

15. केंद्र सरकार ने मॉब लिंचिंग से निपटने के उचित उपायों को तैयार करने के लिए किसकी अध्यक्षता में एक उच्चस्तरीय समिति गठित की है -- **राजीव गौबा।**
**नोट:**समिति चार सप्ताह में सरकार को अपनी सिफारिशें पेश करेगी।

16. बलूचिस्तान उच्च न्यायालय की पहली महिला मुख्य न्यायाधीश के रूप में किसे नामित किया गया___ **न्यायमूर्ति ताहिरा सफदर।**
**नोट:** वर्ष 1982 में, न्यायमूर्ति सफदर ने इतिहास रचा था जब वह बलूचिस्तान में पहली महिला सिविल जज बनीं थी। वर्तमान में, न्यायमूर्ति ताहिरा सफदर उस तीन न्यायाधीशीय विशेष अदालत की सदस्या हैं जिसमें आपातकाल (नवंबर, 2007) घोषित करके राजद्रोह का मुकदमा झेल रहे पूर्व राष्ट्रपति **परवेज मुशर्रफ** के मामले की सुनवाई चल रही है।

17. **हांगकांग एंड शंघाई बैंकिंग कॉरपोरेशन** (एच.एस.बी.सी) ने एच.एस.बी.सी इंडिया का मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सी.ई.ओ) किसे नियुक्त किया -- **सुरेंद्र रोशा।**
**नोट:** रोशा, जयंत रिखये की जगह लेंगे, जो चिकित्सा कारणों से अवकाश ले रहे हैं।वर्तमान में, रोशा एशिया-



फ्री टेस्ट
बैंक, एसएससी, आरआरबी, गेट
जेईई, नीट तथा अन्य परीक्षाएं
अटेम्प्ट करें

प्रशांत के लिए एच.एस.बी.सी के वित्तीय संस्थान समूह (एफ.आई.जी) प्रमुख हैं।

## महत्वपूर्ण समाचार – भारत

1. केंद्र सरकार ने आर्थिक आंकड़ों की गणना हेतु मानदंडों को अपग्रेड करने के लिए **रविंद्र एच. ढोलकिया की** अध्यक्षता में पैनल गठित किया है।
   **नोट:** पैनल को राज्य घरेलू उत्पाद (एस.डी.पी) एवं जिला घरेलू उत्पाद (डी.डी.पी) की तैयारी और संशोधित दिशा-निर्देशों के निर्धारण हेतु अवधारणाओं, परिभाषाओं, वर्गीकरण, डेटा परिपाटी, डेटा स्रोतों और डेटा आवश्यकताओं की समीक्षा करने के लिए कहा गया है।
2. कावेरी जल प्रबंधन प्राधिकरण की पहली बैठक **नईं दिल्ली में** आयोजित की गई।
   **नोट:** नौ सदस्यीय प्राधिकरण की बैठक की अध्यक्षता केंद्रीय जल आयोग के **अध्यक्ष एस. मसूद हुसैन** (कावेरी प्राधिकरण के भी अध्यक्ष) द्वारा की गई।इस संबंध में कर्नाटक से तमिलनाडु में कावेरी का पानी छोड़े जाने संबंधी सुप्रीम कोर्ट के फैसले के सभी पहलुओं का पालन होगा।
3. गुजरात नर्मदा घाटी उर्वरक एवं रसायन लिमिटेड (जी.एन.एफ.सी) ने ब्लॉकचैन प्रौद्योगिकी के माध्यम से उर्वरक सब्सिडी वितरण को लागू करने के लिए **नीति आयोग** स्टेटमेंट ऑफ इंटेंट (एस.ओ.आई) पर हस्ताक्षर किए।
   **नोट:** वे संयुक्त रूप से उपयोग के मामले को विकसित करेंगे, अनुसंधान करेंगे, कई हितधारकों के साथ बातचीत करेंगे, ब्लॉकचेन समाधान विकसित करेंगे, शिक्षण का आदान-प्रदान करेंगे, मंच आयोजित करेंगे, और अपने नेटवर्क में शिक्षा का प्रसार करेंगे।
4. मुख्य चुनाव आयुक्त 'ओ.पी. रावत' ने सुलभ चुनावों पर दो दिवसीय राष्ट्रीय परामर्श बैठक का उद्घाटन **नईं दिल्ली में किया था।**
   **नोट:** यह बैठक ई.सी.आई के विकलांग व्यक्तियों पर विशेष ध्यान देने के साथ कोई मतदाता पीछे न छूटे मिशन के लक्ष्य का हिस्सा है।ई.सी.आई के सुनियोजित मतदाता शिक्षा और चुनावी भागीदारी पहल के लिए एक पोर्टल लॉन्च किया गया है।
5. देश का पहला 'खादी मॉल' **झारखंड** में खोला जाएगा।
   **नोट:** मॉल हैवी इंजीनियरिंग कारपोरेशन (एच.ई.सी) परिसर क्षेत्र में खोला जाएगा जो रांची स्मार्ट सिटी के लिए भी मार्ग प्रशस्त कर रहा है।कारीगरों को उनके उत्पादों में मूल्यवर्धन के लिए तकनीकी सहायता प्रदान की जाएगी, जबकि ग्रामीण, शहरी और पर्यटन 'हाट' उन्हें अपने सामान के लिए बाजार प्रदान करेंगे।
6. **असम की नुमालीगढ़ रिफाइनरी लिमिटेड** (एन.आर.एल) **'Legatrix'** जारी करके ऑनलाइन कानूनी अनुपालन प्रणाली को अपनाने वाला पहला तेल सार्वजनिक क्षेत्र उपक्रम (पी.एस.यू) बन गया है।
   **नोट:** 'Legatrix' विभिन्न स्तरों पर निगरानी के माध्यम से संगठन के कानूनी और नियामक अनुपालन को प्रभावी ढंग से प्रबंधित करने का सर्वोत्तम समाधान है।इसमें श्रम, कराधान, आई.टी, वाणिज्यिक, निर्यात-आयात, कॉर्पोरेट कानून और अन्य उद्योग-विशिष्ट कानून जैसे नियमों की आवश्यकताओं को सम्मिलित किया गया है।
7. सदी का सबसे लंबा पूर्ण चंद्र ग्रहण दुबई में **27 जुलाई को** देखा गया।
   **नोट: दुबई खगोल विज्ञान समूह** के अनुसार, 27 जुलाई, 2018 की रात को चंद्रमा चार घंटे तक पृथ्वी की छाया था। ग्रहण लगभग एक घंटे 43 मिनट (सदी में सबसे लंबा) तक चला और इसमें "रक्त चंद्रमा" भी शामिल है।"रक्त चंद्रमा" एक गैर-वैज्ञानिक शब्द है जो पूर्ण ग्रहण वाले चंद्रमा के लाल रूप को व्यक्त करता है।





8. मुंबई में नरीमन प्वाइंट स्थित एयर इंडिया की प्रतिष्ठित 23 मंजिला इमारत **जवाहर लाल नेहरू पोर्ट ट्रस्ट** खरीदेगा।
   **नोट:** इमारत का मूल्य निर्धारण नागरिक उड्डयन और नौपरिवहन मंत्रालयों के बीच होगा। इमारत को कैरियर के प्रतीक के साथ 'एयर इंडिया' कहा जाता है, जो अरब सागर से दिखाई देता है।
9. **खादी एवं ग्रामोद्योग आयोग** (के.वी.आई.सी) ने **'KIMIS'** (खादी इंस्टीट्यूशन मैनेजमेंट एंड इंफॉर्मेशन सिस्टम) नामक एकल-छत्र **ई-मार्केटिंग प्रणाली नई दिल्ली में** लॉन्च की।
   **नोट:** देश में खादी एवं ग्रामोद्योग उत्पादों की बिक्री और खरीद के लिए कहीं से भी प्रणाली तक पहुंचा जा सकता है।यह सॉफ्टवेयर बिक्री के वास्तविक समय वाले डेटा की जानकारी देगा और खादी भवन एवं गोदामों की अद्यतित स्थिति उपलब्ध कराएगा।
10. व्यापक स्वास्थ्य कवरेज प्राप्त करने के लिए सार्वजनिक और निजी अस्पतालों को सूचीबद्ध करने की औपचारिक प्रक्रिया **राष्ट्रीय स्वास्थ्य एजेंसी (एन.एच.ए) ने** शुरू की।
   **नोट:** इसका उद्देश्य जनसंख्या के सबसे कमजोर और दुर्गम वर्गों तक पहुंच में सुधार करना है और प्राथमिक, माध्यमिक और तृतीयक स्तरों पर रोकथाम, समर्थन और अस्पताल देखभाल को शामिल करके समग्र रूप से स्वास्थ्य देखभाल को संबोधित करना है।राष्ट्रीय स्वास्थ्य एजेंसी (एन.एच.ए) केंद्र की महत्वाकांक्षी आयुष्मान भारत-राष्ट्रीय स्वास्थ्य संरक्षण योजना के कार्यान्वयन के लिए शीर्ष निकाय है।
11. केंद्रीय मंत्री **डॉ. महेश शर्मा** ने **"Arth - art for earth"** प्रदर्शनी का उद्घाटन **IGNCA, नई दिल्ली में** किया।
   **नोट:** मानव गुप्ता द्वारा आयोजित 'Arth - art for earth' में मानव गुप्ता द्वारा पर्यावरण कला प्रतिष्ठानों का एक समूह "Excavations in Hymns of Clay" शामिल है जो उन सभी को एक कहानी और कविता के साथ जोड़ देता है।
12. भारतीय निर्वाचन आयुक्त ने भारतीय नागरिकों के लिए चुनाव के दौरान आचार संहिता के किसी भी प्रकार के उल्लंघन की रिपोर्ट करने हेतु **cVigil** (एंड्रॉइड आधारित मोबाइल ऐप्लिकेशन लॉन्च) किया।
   **नोट**:इसे आगामी राज्य विधानसभा चुनाव छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश, मिजोरम और राजस्थान के दौरान उपयोग के लिए उपलब्ध कराया जाएगा। ऐप 'cVIGIL' चुनाव-वाले राज्य में किसी भी व्यक्ति को आदर्श आचार संहिता (एम.सी.सी) के उल्लंघन की रिपोर्ट करने की अनुमति देगा जो चुनाव की घोषणा की तारीख से और चुनाव के एक दिन बाद तक प्रभावी रहती है।
13. **आई.आर.सी.टी.सी** के साथ हस्ताक्षरित समझौते के तहत रेलवे वारंट के बजाय ई-टिकटिंग का चयन करने वाला पहला अर्धसैनिक बल -- **राष्ट्रीय सुरक्षा गार्ड (एन.एस.जी)।**
   **नोट:** यह प्रणाली एन.एस.जी कर्मियों के रेलवे वारंटों को ले जाने की आवश्यकता को खत्म कर देगी।एक रेलवे वारंट सरकारी कर्मचारियों, सुरक्षा बल कर्मियों और कुछ सेवानिवृत्त श्रेणियों के लिए ट्रेन यात्रा हेतु टिकट के स्थान पर सब्सिडी दरों पर या नि:शुल्क जारी किया जाने वाला वाउचर होता है।आई.आर.सी.टी.सी केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के लिए ई-टिकटिंग-सह-वारंट प्रबंधन प्रणाली भी विकसित कर रहा है।
14. यात्री के डिजिटल लॉकर खाते से जारी की गईं आधार एवं ड्राइविंग लाइसेंस की सॉफ्ट कॉपी पहचान के साक्ष्य के रूप में **रेल मंत्रालय** स्वीकार करेगा।
   **नोट:** डिजिटल लॉकर (लगभग 1.2 करोड़ पंजीकृत उपयोगकर्ता) आई.टी मंत्रालय द्वारा प्रदान की जाने वाली एक सेवा है जो उपयोगकर्ताओं को जन्म प्रमाणपत्र, अंक पत्र, ड्राइविंग लाइसेंस जैसे विभिन्न दस्तावेजों के डिजिटल रिकॉर्ड रखने की इजाजत देती है।उपयोगकर्ता द्वारा डिजिलॉकर के 'अपलोड किए गए दस्तावेज़' सेक्शन में





स्वयं अपलोड किए गए दस्तावेजों को पहचान के वैध प्रमाण के रूप में नहीं माना जाएगा।

**15.** भारत में टर्बाइनों की मरम्मत करने के लिए ज़ोरिया-मैशप्रोएक्ट (यूक्रेनी निर्माता) के साथ संयुक्त उद्यम (जे.वी) **'भारत हैवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड' (बी.एच.ई.एल)** स्थापित कर रहा है।

**नोट:** भारत हैवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड (बी.एच.ई.एल) वर्ष 1964 में भारत सरकार के स्वामित्व में स्थापित एक इंजीनियरिंग एवं विनिर्माण कंपनी है।भेल भारत की सबसे बड़ी बिजली उत्पादक उपकरण निर्माता कंपनी है।

**16.** प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी और दक्षिण कोरियाई राष्ट्रपति **नोएडा में** संयुक्त रूप से दुनिया के सबसे बड़े मोबाइल फोन कारखाने का उद्घाटन किया।

**नोट:** 35 एकड़ में फैला सैमसंग इलेक्ट्रॉनिक्स का नया प्लांट वर्ष में लगभग 120 मिलियन मोबाइल फोन का निर्माण कर सकता है।

**17.** केंद्रीय मानव संसाधन विकास मंत्रालय ने के. कस्तुरीरंगन समिति की अवधि को नई शिक्षा नीति तैयार करने के लिए **31 अगस्त** तक बढ़ा दिया है।

**18.** प्रथम भारत पर्यटन मार्ट (आई.टी.एम) 2018 का कहां आयोजित किया गया_____ **विज्ञान भवन, नई दिल्ली।**

**नोट:** भारत पर्यटन मार्ट व्यवसाय के अवसरों पर बातचीत और प्रबंधन के लिए पर्यटन और आतिथ्य उद्योगों में हितधारकों को एक मंच प्रदान करेगा। इस कार्यक्रम का उद्देश्य दुनिया भर के देशों में प्रमुख अंतर्राष्ट्रीय यात्रा मार्टों की तर्ज पर भारत के लिए वार्षिक वैश्विक पर्यटन मार्ट का निर्माण करना है।

**19.** बिहार के शाहाबाद-भोजपुर क्षेत्र में कृषि क्षेत्र को अत्यंत लाभान्वित करने वाली **'सोन नहर' परियोजना** को मंजूरी **एशियाई विकास बैंक (ए.डी.बी) ने** दी।

**नोट:** परियोजना की अनुमानित लागत 503 मिलियन डॉलर (3272.49 करोड़ रुपये) है, जिनमें से 352 मिलियन डॉलर ए.डी.बी द्वारा प्रदान किए जा रहे हैं।यमुना नदी के बाद मध्य भारत की सोन नदी गंगा की दक्षिणी सहायक नदियों के बीच दूसरी सबसे बड़ी नदी है।सोन नदी मध्य प्रदेश में अमरकंटक के पास से निकलती है।

**20.** केंद्र सरकार ने **छह** प्रतिष्ठित संस्थानों (आई.ओ.ई) को सूचीबद्ध किया है।

**नोट:** सार्वजनिक क्षेत्र: (i) भारतीय विज्ञान संस्थान, बैंगलोर, कर्नाटक; (ii) भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, मुंबई, महाराष्ट्र; और (iii) भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, दिल्ली।निजी क्षेत्र: (i) जियो इंस्टीट्यूट (रिलायंस फाउंडेशन), पुणे, ग्रीन फील्ड श्रेणी के तहत; (ii) बिरला इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी एंड साइंसेज, पिलानी, राजस्थान; और (iii) मणिपाल एकेडमी ऑफ हायर एजुकेशन, मणिपाल, कर्नाटक।

**21.** अजंता की गुफाओं, लेह पैलेस और ताजमहल को छोड़कर, सभी केंद्रीय संरक्षित स्मारकों या स्थलों के परिसर में फोटोग्राफी की अनुमति देने वाला आदेश **भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (ए.एस.आई)** ने जारी किया।

**22.** केंद्र सरकार आंध्र प्रदेश के **प्रकाशम** जिले में स्थित वडारेवु में एक बंदरगाह बनाने की योजना तैयारी की है।

**नोट:**वडारेवु में प्रस्तावित बंदरगाह के लिए 3,000 एकड़ भूमि आवंटित की जाएगी।

**23.** 3,880 मीटर ऊंचाई पर स्थित अमरनाथ के पवित्र गुफा मंदिर में वार्षिक तीर्थ यात्रा करने वाले लोगों तक पहुंचने के लिए मोबाइल सहायता केंद्र "साथी" **केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सी.आर.पी.एफ)** लॉन्च किया है।

**24.** नागरिकों को उनके स्वास्थ्य एवं कल्याण में सुधार करके नागरिकों को सशक्त बनाने के लिए 'ईट राइट मूवमेंट' **खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण (एफ.एस.एस.ए.आई)** लॉन्च की।

**नोट:**यह खाने के जानकार और स्वस्थ विकल्प बनाने में मदद के लिए विश्वसनीय जानकारी प्रदान करने का एक मंच है। यह दो मुख्य स्तंभों - "स्वस्थ भोजन करें" और "सुरक्षित खाएं" पर बनाया गया है।





25. भारतीय नौसेना का जहाज आई.एन.एस सुमित्रा **इंडोनेशिया** देश में स्थित साबांग बंदरगाह में प्रवेश करने वाला पहला युद्धपोत बना।

26. जंगली खाद्य मशरूम में कैंसर का मुकाबला करने में सहायक एक वर्णक की खोज करने वाला विश्वविद्यालय **गोआ विश्वविद्यालय है।**

27. भारत-कोरिया प्रौद्योगिकी विनिमय केंद्र की स्थापना राष्ट्रीय लघु उद्योग निगम (एन.एस.आई.सी) **नई दिल्ली** परिसर में कहां की गई।

28. **पेय जल एवं स्वच्छता मंत्रालय** ने सभी राज्यों और जिलों को गुणात्मक और मात्रात्मक मूल्यांकन के आधार पर रैंक प्रदान करने के लिए कौन सा ग्रामीण स्वच्छता कार्यक्रम **स्वच्छ सर्वेक्षण ग्रामीण 2018** शुरू किया।
**नोट:** सर्वोत्तम प्रदर्शन करने वाले राज्यों और जिलों को 2 अक्टूबर को महात्मा गांधी की जयंती के अवसर पर सम्मानित किया जाएगा। मंत्रालय के अधिकारियों के अनुसार, जानकारी इसके एकीकृत प्रबंधन सूचना प्रणाली (आई.एम.आई.एस) से प्राप्त की जाएगी।

29. केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने **मुंबई-बाली समुद्री पर्यटन मार्ग** की घोषणा की।
**नोट:** मुंबई और गोवा के बीच समुद्री पर्यटन सेवा सितंबर, 2018 में शुरू होने की संभावना है। यह समुद्री पर्यटन को प्रोत्साहित करेगा। मुंबई में 80 क्रूज जहाज आते हैं। हमने जहाजों के लिए एक अत्याधुनिक टर्मिनल तैयार किया है।

30. तमिलनाडु के महेंद्रगिरी में विकास इंजन का सफल परीक्षण **इसरो** ने किया।
**नोट:** इसरो ने विकास इंजन के अपने उच्च प्रणोदन संस्करण का सफल जमीनी परीक्षण किया जो अंतरिक्ष एजेंसी के प्रक्षेपण वाहनों की भार क्षमता में सुधार लाएगा।विकास इंजन एक तरल रॉकेट इंजन है जो इसरो के विश्वसनीय ध्रुवीय उपग्रह प्रक्षेपण वाहन (पी.एस.एल.वी) के दूसरे चरण को ऊर्जा देने के लिए उपयोग किया जाता है।

31. भारत सरकार ने **नेशनल कैडेट कोर** (एन.सी.सी) और **राष्ट्रीय सेवा योजना** (एन.एस.एस) में "जनशक्ति कमी" जैसे मुद्दों को संबोधित करने के लिए **अनिल स्वरुप समिति का** गठित करने का निर्णय लिया है।
**नोट:** समिति एन.सी.सी और एन.एस.एस (राष्ट्रीय सेवा योजना) को प्रभावित करने वाले मुद्दों जैसे विस्तार, प्रशिक्षण अवसंरचना को मजबूत बनाना, संसाधनों को तर्कसंगत बनाना, जनशक्ति कमी का निपटान करेगी।समिति इन दोनों संस्थानों के बीच "तालमेल" बनाने के लिए सिफारिशें भी प्रस्तुत करेगी।

32. अल्फा डिजाइन टेक्नोलॉजीज प्राइवेट लिमिटेड, भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड और टाटा के नेतृत्व में उपग्रहों के पुर्जे इकट्ठा करने वाले एक संघ के साथ समझौते पर किसने हस्ताक्षर **इसरो उपग्रह केंद्र (आई.एस.ए.सी) ने** किए हैं।
**नोट:** यह इसरो द्वारा हस्ताक्षरित पहला ऐसा समझौते होगा, जो अपनी बाधाओं को दूर करने के लिए निजी भागीदारों से जुड़ने की कोशिश कर रहा है। अंतरिक्ष एजेंसी निजी कंपनियों को उपग्रह और रॉकेट विनिर्माण कार्य करने के लिए एक छोटा संघ तैयार करने के लिए प्रोत्साहित कर रही है ताकि यह अनुसंधान और विकास पर केंद्रित हो सके।

33. दिल्ली संवाद के इस वर्ष के 10वें संस्करण का विषय -- **भारत-आसियान समुद्री सहयोग को सुदृढ़ बनाना।**
**नोट:** इस बार विषय का चयन ध्यान केंद्रित करने के लिए कुशलतापूर्वक किया गया है क्योंकि सरकार आसियान भारत समुद्री सहयोग पर विचार करना चाहती है।

34. केंद्र सरकार द्वारा प्रतिष्ठित ताजमहल के आस-पास के औद्योगिक प्रदूषण के मुद्दे से निपटने के लिए **सी.के. मिश्रा समिति का गठन की है**।
**नोट:** प्रतिष्ठित मुगल स्मारक के संरक्षण हेतु उठाए जाने वाले मुद्दों और कार्यवाही पर विचार-विमर्श के लिए





दिल्ली में एक उच्च स्तरीय अंतर-मंत्रालयी बैठक आयोजित की गई।ताजमहल भारतीय शहर आगरा में यमुना नदी के दक्षिणी तट पर स्थित सफेद संगमरमर का एक मकबरा है।

35. भारत और अमेरिका के बीच गृहभूमि सुरक्षा वार्ता पर वरिष्ठ अधिकारी बैठक **नई दिल्ली में** आयोजित हुई।

**नोट:** बैठक में सुरक्षा सहयोग, सीमा शुल्क एवं अप्रवासन, विमानन सुरक्षा, क्षमता निर्माण आदि से संबंधित मुद्दों पर ध्यान केंद्रित किया गया।दोनों पक्षों ने इन मुद्दों को हल करने की रूपरेखा तैयार करने पर सहमति व्यक्त की।

36. भारतीय रिज़र्व बैंक शीघ्र ही हल्के बैंगनी रंग में और पीछे की तरफ **"रानी की वाव"** रुपांकन के साथ **100 रुपये** का नया नोट जारी करेगा।

**नोट:** इसमें पीछे की तरफ **स्वच्छ भारत** नारे के साथ इसका लोगो भी होगा। बैंक नोट का आकार 66 मिलीमीटर और 142 मिलीमीटर होगा और इस पर भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर **उर्जित आर. पटेल** के हस्ताक्षर होंगे।रानी की वाव (सरस्वती नदी के तट पर स्थित) गुजरात के पाटन शहर में स्थित एक जटिल रूप से निर्मित **सीढ़ीदार कुआं** है।

37. लड़ाकू विमान के साथ **पिच ब्लैक 2018 (पी.बी -18)** अभ्यास में **भारतीय वायुसेना (आई.ए.एफ)** भाग लेगा, जो 24 जुलाई से 18 अगस्त, 2018 तक **ऑस्ट्रेलिया** में होना निर्धारित है ।

**नोट:** पिच ब्लैक 2018 रॉयल ऑस्ट्रेलियाई वायुसेना (आर.ए.ए.एफ) द्वारा आयोजित एक द्विवार्षिक बहु-राष्ट्रीय रोजगार युद्धाभ्यास है। आई.ए.एफ के सैन्यदल में गरुड टीम, 04 X Su-30 MKI, 01 X C-130 और 01 X C-17 सहित 145 वायु-सैनिक शामिल हैं।

38. भारत और अमेरिका के बीच '2+2 वार्ता' **नई दिल्ली में** आयोजित की जाएगी।

**नोट:** भारत और अमेरिका सामरिक महत्व, सुरक्षा और रक्षा सहयोग को सुदृढ़ बनाने पर चर्चा करेंगे क्योंकि दोनों राष्ट्र ने भारत-प्रशांत क्षेत्र और उससे आगे की चुनौतियों पर संयुक्त रूप से संबोधित किया है।वार्ता को दोनों देशों के बीच सामरिक संबंध को बढ़ाने के एक साधन के रूप में देखा जाता है।

39. **विश्वविद्यालय अनुदान आयोग** (यू.जी.सी) ने स्व-वित्तपोषित डीम्ड यूनिवर्सिटी के मेडिकल एवं डेंटल कोर्स में देय शुल्क को नियंत्रित करने के लिए **प्रोफेसर आर.सी. डेका** समिति गठित की।

**नोट:** प्रोफेसर आर.सी. डेका एम्स, नई दिल्ली के निदेशक थे।

40. **विश्वविद्यालय अनुदान आयोग** (यू.जी.सी) ने परीक्षा सुधार से संबंधित मामलों को देखने के लिए **प्रोफेसर एम.एम. सालुंखे** समिति गठित की।

**नोट: प्रो. एम.एम. सालुंखे** सेंट्रल यूनिवर्सिटी, राजस्थान के भूतपूर्व वाइस चांसलर हैं। समिति अक्टूबर, 2018 तक अपनी रिपोर्ट जमा करेगी।

41. **तेल एवं प्राकृतिक गैस निगम** (ओ.एन.जी.सी) के बोर्ड ने अपनी **49% हिस्सेदारी** बेंचकर हेलीकॉप्टर सेवा प्रदाता कंपनी **पवन हंस** से बाहर निकलने को मंजूरी दे दी।

**नोट:** इस कदम से कंपनी के तेल एवं गैस कारोबार के कर्ज में कमी आएगी और संसाधनों को मजबूती मिलेगी।ओ.एन.जी.सी चाहती है कि उसकी हिस्सेदारी सरकार की 51% हिस्सेदारी के साथ जोड़ दी जाए जो बिक्री के लिए पहले ही प्रस्तावित है।पवन हंस के पास 46 हेलीकॉप्टरों का बेड़ा है।

42. **उत्तर-पूर्व प्राकृतिक गैस पाइपलाइन ग्रिड** के कार्यान्वयन के लिए एक समझौते पर हस्ताक्षर करने वालीं पांच केंद्रीय तेल पी.एस.यू कंपनी -- **IOCL, ONGC, GAIL, OIL, और NRL।**

**नोट:** समझौते के अनुसार, संयुक्त उद्यम कंपनी गुवाहाटी को अन्य प्रमुख उत्तर-पूर्वी शहरों और प्रमुख भार केंद्रों से



फ्री टेस्ट
बैंक, एसएससी, आरआरबी, गेट
जेईई, नीट तथा अन्य परीक्षाएं
अटेम्प्ट करें

जोड़ने और इस क्षेत्र को गैस उत्पादक क्षेत्रों के साथ एकीकृत करने के लिए प्राकृतिक गैस पाइपलाइन ग्रिड का विकास, निर्माण, संचालन और रखरखाव करेगी।

**43.** केंद्रीय गृह मंत्री राजनाथ सिंह ने राष्ट्रीय छात्र पुलिस कैडेट (एस.पी.सी) कार्यक्रम **गुरुग्राम में** लॉन्च किया।
**नोट:** कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यालय के अंदर और उसके बाहर कक्षाओं के माध्यम से स्कूली छात्रों में आदर्श और नैतिकता पैदा करके पुलिस और एक बड़े समुदाय के बीच समन्वय स्थापित करना है।छात्र कानून एवं संविधान, संचार कौशल, आपदा प्रबंधन, और स्वास्थ्य एवं स्वच्छता का अध्ययन करेंगे।

**44.** गैर-निष्पादित संपत्ति (एन.पी.ए) से निपटने और क्रेडिट क्षमता निर्माण के लिए वित्त मंत्री **पीयूष गोयल** को कुछ सिफारिशों के साथ अपनी रिपोर्ट सौंपने वाली समिति -- **सुनील मेहता समिति।**
**नोट:** सुनील मेहता समिति ने परियोजना **'सशक्त'** प्रस्तुत की और तनावग्रस्त संपत्तियों से निपटने के लिए पांच-सूत्री रणनीति की सिफारिश की।यह योजना परिसंपत्तियों को इस तरह से बदलने पर केंद्रित है जो व्यवसायों को पुनर्जीवित करके अतिरिक्त नौकरियां पैदा करेगी और नौकरी समाप्त होने से पूर्व उसे बचाएगी।

**45.** फेसबुक ग्रामीण और अधीनस्थ क्षेत्रों में ब्रॉडबैंड इंटरनेट कनेक्शन प्रदान करने के लिए किस नई उपग्रह परियोजना पर काम कर रहा है-- **एथेना।**
**नोट:**वर्ष 2016 में, स्पेसएक्स के रॉकेट में विस्फोट होने पर अफ्रीका के लिए फेसबुक का इंटरनेट उपग्रह नष्ट हो गया था।ऐसा प्रतीत होता है कि फेसबुक ने प्वाइंट व्यू टेक एल.एल.सी नाम के तहत यू.एस फेडरल कम्युनिकेशंस कमीशन (एफ.सी.सी) के साथ करार किया है।

**46.** थिंक टैंक **पब्लिक अफेयर्स सेंटर** (पी.ए.सी) द्वारा जारी किए गए **सार्वजनिक मामलों के सूचकांक 2018** के अनुसार, देश में सबसे सुशासित राज्य -- **केरल।**
**नोट:**तेलंगाना, कर्नाटक और गुजरात सुशासन प्रदान करने वाले शीर्ष पांच राज्यों में क्रमशः तीसरे, चौथे और पांचवें स्थान पर हैं।वार्षिक रुप से (2016 से) जारी किया जाने वाला सूचकांक 'सार्वजनिक मामलों का सूचकांक 2018' आंकड़े-आधारित ढांचे के माध्यम से राज्यों में सुशासन की जांच करता है।

**47.** 19वां कारगिल विजय दिवस कहां पर स्थित द्रास युद्ध स्मारक में मनाया -- **जम्मू-कश्मीर।**
**नोट:**500 युद्ध नायकों ने कारगिल शहर में स्मारक पर पुष्पांजलि अर्पित करके युद्ध नायकों को श्रद्धांजलि अर्पित की।भारत की पाकिस्तान पर गौरवपूर्ण जीत के जश्न के उपलक्ष्य में हर वर्ष तीन दिनों के लिए 26 जुलाई तक कारगिल विजय दिवस मनाया जाता है।यह उन 500 नायकों के महान बलिदान की याद दिलाता है जिन्होंने अपनी जिंदगी कुर्बान कर दी और वे जो अभी भी जिंदा हैं।

**48.** महात्मा गांधी पर एक नई पुस्तक **"गांधी: द ईयर्स दैट चेंज्ड द वर्ल्ड (1914-1948)"** लिखने वाले प्रसिद्ध इतिहासकार और लेखक -- **रामचंद्र गुहा।**
**नोट:** यह पुस्तक न केवल गांधी की दक्षिण अफ्रीका से 1948 में नाटकीय हत्या के जीवन की कहानी बताएगी, बल्कि हमारे स्वतंत्रता आंदोलन और इसके कई पहलुओं का इतिहास भी होगी।

**49.** केंद्रीय गृह मंत्री राजनाथ सिंह ने युवा पुलिस अधीक्षकों (एस.पी) के दूसरे सम्मेलन का उद्घाटन कहां किया-- **नई दिल्ली।**
**नोट:**सम्मेलन का विषय, 'भारतीय पुलिस बल के लिए पूर्वानुमानित जांच और समकालीन चुनौतियां' (Predictive Policing and Contemporary Challenges for Indian Police Forces) है।इसका उद्देश्य नागरिकों को प्रभावी सेवा प्रदान करने के लिए युवा एस.पी और कमांडेंट के बीच कृत्रिम बुद्धि, साइबर अपराध और चौकस नजर के क्षेत्रों में जागरूकता पैदा करना है।



फ्री टेस्ट
बैंक, असअससी, आरआरबी, गेट
जेईई, नीट तथा अन्य परीक्षाएं
अटेम्प्ट करें

50. राष्ट्रपति राम नाथ कोविंद ने बस्तर स्थित जगदलपुर में छत्तीसगढ़ सरकार की कौन सी योजना शुरू की -- **संचार क्रांति योजना।**

**नोट:**इस योजना के तहत, लोगों को 50 लाख स्मार्टफोन मुफ्त में वितरित किए जाएंगे।

**51.** मानव संसाधन विकास (एच.आर.डी) मंत्री प्रकाश जावड़ेकर ने वाइस-चांसलर और निदेशकों के तीन दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन की अध्यक्षता कहां की -- **नई दिल्ली।**

**नोट:**यह दुनिया को शिक्षा के क्षेत्र में भारत का कौशल दिखाने का समय है।देश कई विश्व स्तरीय शिक्षकों का परिचारक है जो कई क्षेत्रों में काम कर रहे हैं और उन्हें बाधाओं को तोड़ने और अपने ज्ञान को साझा करने के लिए अब आगे आने की जरूरत है।

**52.** ब्रिटेन स्थित लंदन में वैश्विक विकलांगता शिखर सम्मेलन में भाग लेने वाले भारत के केंद्रीय मंत्री -- **थावरचंद गहलोत।**

**नोट:**सम्मेलन का उद्देश्य देश के नेताओं की दिव्यांगजन के प्रति प्रतिबद्धताओं को मजबूत करना था।शिखर सम्मेलन में प्रतिभागियों ने दिव्यांगजनों के सशक्तिकरण और समावेशन की दिशा में भारत सरकार के प्रयासों की सराहना की।

**53.** नई दिल्ली में **पोषण अभियान** (राष्ट्रीय पोषण मिशन) के तहत भारत की पोषण चुनौतियों पर राष्ट्रीय परिषद की दूसरी बैठक आयोजित करने वाला मंत्रालय -- **महिला एवं बाल विकास मंत्रालय।**

**नोट:** सितंबर-2018 को **राष्ट्रीय पोषण माह** के रूप में मनाया जाएगा और यह हर वर्ष मनाया जाएगा।

**54.** भारत की पहली तीन दिवसीय **इंटरनेशनल ब्लॉकचेन कांग्रेस** (आई.बी.सी) कहां आयोजित की जाएगी ____ **हैदराबाद।**

**नोट:**आई.बी.सी का उद्देश्य अगली पीढ़ी की वित्तीय सेवाओं के लिए ब्लॉकचेन पर विचार-विमर्श करने वाले संवाद पेश करना है।आई.बी.सी के पहले दो दिन हैदराबाद में आयोजित किए जाएंगे और तीसरा दिन गोवा में आयोजित किया जाएगा।

**55.** दूरसंचार विभाग (डी.ओ.टी) ने किन के विलय को अंतिम मंजूरी दे दी -- **वोडाफोन इंडिया और आइडिया सेल्युलर।**

**नोट:**आइडिया सेल्युलर और वोडाफोन इंडिया ने दूरसंचार विभाग को 'प्रतिवाद के तहत' संयुक्त रूप से 7,268.78 करोड़ रुपये का भुगतान किया।अब कंपनियां औपचारिकताओं के अंतिम चरण को पूरा करने, अनुमोदन हेतु अनुबंध दर्ज कराने के लिए कंपनी रजिस्ट्रार (आर.ओ.सी) से संपर्क करेंगी।

**56.** यमुना नदी की सफाई पर एक निगरानी समिति का गठन किसने किया -- **राष्ट्रीय हरित न्यायाधिकरण (एन.जी.टी)।**

**नोट:** न्यायाधिकरण ने समिति के सदस्यों के रूप में **बी.एस. सजवान** (सेवानिवृत्त विशेषज्ञ सदस्य) और **शैलाजा चंद्र** (दिल्ली की पूर्व मुख्य सचिव) को नियुक्त किया है।समिति इस मुद्दे पर 31 दिसंबर, 2018 तक एक विस्तृत रिपोर्ट पेश करेगी।

**57.** भारतीय रेलवे ने राष्ट्रीय रेल संग्रहालय, नई दिल्ली में कौन सा मिशन लॉन्च किया -- **मिशन सत्यनिष्ठा।**

**नोट:**प्रत्येक कर्मचारी को व्यक्तिगत और सार्वजनिक जीवन में नैतिकता की आवश्यकता और मूल्यों को समझाने के लिए प्रशिक्षित करना।जीवन और सार्वजनिक प्रशासन में नैतिक दुविधाओं से निपटना।नैतिकता और अखंडता पर भारतीय रेल की नीतियों को समझने और इसे बनाए रखने में कर्मचारी की भूमिका में मदद करना।

**58.** **इलेक्ट्रॉनिक्स और आई.टी** (सूचना प्रौद्योगिकी) सचिव ने स्कैन किए गए दस्तावेजों पर मुद्रित पाठ के संपादन (टेक्स्ट एडिटिंग) को सक्षम बनाने के लिए कौन सा डेस्कटॉप सॉफ्टवेयर लॉन्च किया -- **ई-अक्षरायन।**

**नोट:** 'ई-अक्षरायन' भारतीय भाषा में छपे और स्कैन किए गए दस्तावेजों को यूनिकोड प्रारूप में बदलकर पूर्णतया संपादन योग्य पाठ में परिवर्तित करने के लिए एक डेस्कटॉप सॉफ्टवेयर है।यह सॉफ्टवेयर सात भारतीय



फ्री टेस्ट
बैंक, एसएससी, आरआरबी, गेट
जेईई, नीट तथा अन्य परीक्षाएं
अटेम्प्ट करें

भाषाओं (हिंदी, बांग्ला, मलयालम, गुरुमुखी, तमिल, कन्नड़ और असमिया) में संपादन प्रदान करता है।इसे वेबसाइट से नि:शुल्क डाउनलोड किया जा सकता है।

**59.** महिला एवं बाल विकास मंत्रालय (डब्ल्यू.सी.डी) ने चाइल्डलाइन की तस्वीरों को साझा करने के लिए कौन सी प्रतियोगिता शुरू की -- **#चाइल्डलाइन 1098।**

**नोट:**यह प्रतियोगिता लोगों को चाइल्डलाइन 1098 लोगो की जगह-जगह देखी जाने वाली तस्वीरों को साझा करने और इसे टैगलाइन के साथ भेजने के लिए आमंत्रित करती है।

- ➢ यह प्रतियोगिता 30 जुलाई को 'विश्व मानव तस्करी निषेध दिवस' के उपलक्ष्य में आयोजित की गई है।

## राज्य समाचार

**1.** केंद्रीय मंत्री **डॉ. जितेंद्र सिंह** ने **जोवाई, मेघालय** पर आयोजित प्रसिद्ध चार दिवसीय मेघालय वार्षिक सांस्कृतिक महोत्सव, **"बेहदीनखलम"** में भाग लिया।
**नोट:** "खलम" का अर्थ है प्लेग (या महामारी) और 'बेहदीन' का अर्थ है छड़ी से दूर भगाना।

**2.** मजदूरों और गरीब परिवारों के लिए एक उत्कृष्ट बिजली बिल छूट योजना और सब्सिडी वाली बिजली योजना **'संबल'** लॉन्च **मध्य प्रदेश ने** की।
**नोट:** इस योजना के तहत, गरीबी रेखा से नीचे (बी.पी.एल) के परिवारों को प्रति माह 200 रुपये की लागत से बिजली मुहैया कराई जाएगी, जबकि लाभार्थियों को बिजली कनेक्शन नि:शुल्क मुहैया कराया जाएगा। इस योजना के तहत, 5 हजार 179 करोड़ रुपए की कीमत वाले बिजली बिल को छूट दी जानी चाहिए।

**3.** **अगरतला** हवाई अड्डे का नाम महाराजा बीर बिक्रम किशोर माणिक्य बहादुर के नाम पर रखा जाएगा।
**नोट:** महाराजा बीर बिक्रम किशोर माणिक्य बहादुर ने आधुनिक त्रिपुरा के विकास के बीज बोए थे।महाराजा बीर बिक्रम किशोर माणिक्य बहादुर, जो वर्ष 1923 में पूर्व त्रिपुरा रियासत राज्य के सिंहासन पर बैठे थे, एक प्रबुद्ध और उदार शासक थे। अगरतला हवाई अड्डे का निर्माण महाराजा द्वारा दान की गई भूमि पर वर्ष 1942 में किया गया था।

**4.** राज्य सरकार ने आंगनवाड़ी केंद्रों के माध्यम से पौष्टिक भोजन प्रदान करके बच्चों के बीच कुपोषण को समाप्त करने के लिए **पोषण अभियान** राज्यव्यापी मिशन की शुरुआत की।
**नोट:** सरकार ने उन लड़कियों के बीच कुपोषण को नियंत्रित करने के लिए 270 करोड़ रुपये आवंटित किए हैं, जो भविष्य में मां बनने वाली हैं। राष्ट्रव्यापी 'पोषण मिशन' 8 मार्च, 2018 को राजस्थान से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा शुरू किया गया था।

**5.** **उत्तर प्रदेश** सरकार ने 15 जुलाई, 2018 से राज्य में प्लास्टिक के उपयोग पर प्रतिबंध लगाने का आदेश जारी किया है।
**नोट:** यह नवीनतम प्रतिबंध महाराष्ट्र सरकार के उस कदम के बाद आया है जिसमें उन्होंने मार्च, 2018 में इसी तरह का प्रतिबंध लागू किया था। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री **योगी आदित्य** ने सभी से 15 जुलाई के बाद प्लास्टिक कप, गिलास और पॉलिथिन के उपयोग को रोकने का आग्रह किया है।

**6.** महाराष्ट्र की 700 वर्ष पुरानी परंपरा है जिसमें भगवान विठ्ठल के भक्त कहे जाने वाले वारकरी ने पंढरपुर मार्ग अनुरेखित किया था -- **पंढरीची वारी।**
**नोट:** इस पवित्र कार्य के लिए पूरे राज्य से भक्त पुणे जिले में संत तुकाराम महाराज और संत दानेश्वर महाराज के मूल स्थानों देहू और आलंदी में एकत्र होते हैं और जुलूस अपने अंतिम गंतव्य पंढरपुर के लिए रवाना होता है।



फ्री टेस्ट
बैंक, एसएससी, आरआरबी, गेट
जेईई, नीट तथा अन्य परीक्षाएं
अटेम्प्ट करें

7. जनजातीय बाहुल्यता वाले 10 ब्लॉक में लगभग 62,000 बी.पी.एल परिवारों को दो महीने तक नि:शुल्क राशन वितरित करने वाली **त्रिपुरा** सरकार।
   **नोट:** जनजातीय बाहुल्यता वाले दस ब्लॉक में गरीबी रेखा से नीचे (बी.पी.एल) के परिवारों को यह सुविधा प्रदान की जाएगी क्योंकि उन्हें खाद्य पदार्थों की कमी का सामना करना पड़ता है। प्रत्येक परिवार को प्रति माह 10 किलोग्राम चावल मिलेगा।
8. केंद्रीय गृह मंत्री राजनाथ सिंह ने **शिलांग में** आयोजित उत्तर-पूर्व परिषद (एन.ई.सी) की दो दिवसीय पूर्ण बैठक की अध्यक्षता की।
   **नोट:** उत्तर पूर्वी परिषद (एन.ई.सी) को एन.ई.सी अधिनियम 1971 के तहत एक वैधानिक सलाहकार निकाय के रूप में गठित किया गया था और यह 7 नवंबर, 1972 को शिलांग में अस्तित्व में आई।
9. हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर ने राज्य स्तर कार्यक्रम वन महोत्सव का उद्घाटन **राजगढ़, सिरमौर जिला** में किया।
   **नोट:** महोत्सव के दौरान तीन दिवसीय वृक्षारोपण अभियान चलाया जाएगा।
10. यहूदियों को धार्मिक अल्पसंख्यक का दर्जा प्रदान करने वाली **गुजरात** सरकार है।
   **नोट:** गुजरात यहूदियों को धार्मिक अल्पसंख्यक का दर्जा देने वाला भारत (पहले, पश्चिम बंगाल और महाराष्ट्र) का तीसरा राज्य है।यहूदी धर्म दुनिया के सबसे पुराने धर्मों में से एक है, जो लगभग 3,700 वर्ष पहले मिस्र में विकसित हुआ था।
11. राज्य के विभिन्न हिस्सों में बहुप्रतीक्षित 'अन्ना कैंटीन' की शुरुआत **एन. चंद्रबाबू नायडू ने** की।
   **नोट:** कैंटीन में सुबह का नाश्ता (3 इडली/3 पूड़ी/उपमा/पोंगल), चावल, दाल/सांभर, अचार, कढ़ी तथा दही के साथ दोपहर का खाना तथा रात्रि भोजन एक ही मूल्य (5 रुपये) पर उपलब्ध होगा। अक्षय पात्र फाउंडेशन इन कैंटीनों का संचालन करेगा।
12. बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ योजना के तहत किसी भी क्षेत्र में महत्वपूर्ण उपलब्धियां दर्ज करने वाली लड़कियों को एक जिला ब्रांड एंबेसडर के रूप में नियुक्त करने वाली **मध्य प्रदेश** राज्य सरकार है।
13. मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने **मंदसौर में** राष्ट्रीय तापविद्युत निगम लिमिटेड (एन.टी.पी.सी) के 250 मेगावॉट सौर ऊर्जा संयंत्र का उद्घाटन किया।
   **नोट:** यह परियोजना मुख्य रूप से गैर आवासीय-भूमि पर स्थापित की गई है और 1,500 करोड़ रुपये के निवेश पर शून्य कार्बन उत्सर्जन के साथ प्राकृतिक पर्यावरण प्रणाली को प्रभावित किए बिना बिजली उत्पादन किया जा रहा है। यह मेक इन इंडिया पहल के तहत घरेलू रूप से निर्मित सोलर सेल और मॉड्यूल का उपयोग करके विकसित सबसे बड़ा सौर संयंत्र है।
14. खनिज नीलामी व्यवस्था को मजबूत करने के लिए खानों और खनिजों पर चौथे राष्ट्रीय सम्मेलन की मेजबानी करने वाला शहर **इंदौर है।**
   **नोट:** सम्मेलन का उद्देश्य खनिज नीलामी व्यवस्था को मजबूत करने के साथ-साथ नीलामी में तेजी लाने और हितधारकों की अधिक भागीदारी में सहायता के लिए केंद्र सरकार के प्रयासों को आगे ले जाना था।
15. राज्य के इतिहास और संस्कृति को संरक्षित करने के लिए विरासत मंत्रिमंडल का गठन करने वाली **ओडिशा** सरकार है।
   **नोट:** विरासत मंत्रिमंडल (हैरिटेज कैबिनेट) ओडिया भाषा, संस्कृति और साहित्य को संरक्षित और फैलाने के लिए काम कर रहे संस्थानों और विभागों के बीच समन्वय बनाएगा।
16. बिजली के घाटे को नियंत्रित करने के लिए 15 अगस्त से 'एक किसान एक ट्रांसफॉर्मर' योजना शुरू करने वाली **महाराष्ट्र सरकार है।**



फ्री टेस्ट
बैंक, एसएससी, आरआरबी, गेट
जेईई, नीट तथा अन्य परीक्षाएं
अटेम्प्ट करें

**नोट:** इस योजना के तहत, राज्य सरकार राज्य के लगभग दो लाख किसानों को हाई वोल्टेज वितरण लाइनों के लिए बिजली के कनेक्शन प्रदान करेगी। यह राज्य में निर्बाध बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करेगा।

**17.** मानव रहित वायुयान (यू.ए.वी) और लाइट बुलेट प्रूफ वाहन (एल.बी.पी.वी) का निर्माण करने वाली भारत की पहली निजी क्षेत्र की इकाई **कोटा में** स्थापित की जाएगी।

**18.** माल एवं सेवा कर के तहत प्रति व्यक्ति राजस्व संग्रह में सबसे ऊपर राज्य --**हरियाणा।**

**नोट:** हरियाणा ने कर आधार को 82.22% बढ़ा दिया और राजस्व संग्रह में 19% की वृद्धि दर्ज की है। 1 अप्रैल, 2018 और 30 जून, 2018 के बीच हरियाणा में लगभग 1.12 करोड़ ई-वे बिल तैयार किए गए, जिससे हरियाणा राज्य देश में ई-वे बिलों का चौथा सर्वोच्च जारीकर्ता बन गया है।

**19.** पुरी के **जगन्नाथ** भगवान के सम्मान में रथ यात्रा **'रथ महोत्सव'** आयोजित किया गया।

**नोट:** यह ओडिशा के सबसे प्रतीक्षित त्यौहारों में से एक है। यह त्यौहार **भगवान जगन्नाथ**, उनकी बहन **देवी सुभद्रा** और **बड़े भाई बलभद्र** को समर्पित है।मंदिर के सभी तीन देवताओं - जगन्नाथ, सुभद्रा और बलभद्र - इस त्यौहार के दौरान तीन अलग-अलग रथों में यात्रा करते हैं। रथों को क्रमशः **नंदीघोष, तालध्वज** और **देवदलन** कहा जाता है।

**20.** राज्य में हरित क्षेत्र की वृद्धि के उद्देश्य से हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर द्वारा शुरु किया गया अभियान -- **पौधागिरी।**

**नोट:** इस अभियान के तहत, हरियाणा के सभी सरकारी एवं निजी स्कूलों के कक्षा 6 से 12 तक के 22 लाख छात्र मानसून के तीन महीनों - जुलाई, अगस्त और सितंबर के दौरान एक पौधा लगाएंगे।छात्र को ऐप पर अपने पौधे के साथ अपनी सेल्फी अपलोड करनी होगी और उन्हें सरकार से हर छह महीने में 50 रुपये की प्रोत्साहन राशि प्रदान की जाएगी।

**21.** अपना पहला गुजराती भाषा समाचार बुलेटिन **बी.बी.सी ने** लॉन्च किया है जो दिल्ली से सप्ताह में पांच दिन प्रसारित होगा।

**नोट:** यह बुलेटिन भारत और दुनिया भर में गुजराती भाषी दर्शकों तक अंतर्दृष्टिपूर्ण वैश्विक और राष्ट्रीय कहानियां पहुंचाएगा। भारत में गुजराती, मराठी, पंजाबी और तेलुगू में चार नई ऑनलाइन भाषा सेवाएं लॉन्च की गई हैं।

**22.** केंद्र सरकार ने प्रभावी ठोस अपशिष्ट प्रबंधन एवं धूल नियंत्रण के लिए दिल्ली के तीन नगर निगमों को **300 करोड़ रुपये** वित्तीय सहायता प्रदान करने मंजूर कर दी है।

**नोट:** प्रस्तावों का निष्पादन शीघ्रता से होगा ताकि ठोस अपशिष्ट प्रबंधन पर प्रभावी कार्यान्वयन हो सके। **दिल्ली नगर निगम (एम.सी.डी)** एक नगरपालिका (एक स्वायत्त निकाय) है जो दिल्ली के 11 जिलों में से 8 जिलों को नियंत्रित करती है।

**23.** छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री डॉ रमन सिंह द्वारा पेंशन सुविधा में पारदर्शिता प्रदान करने के लिए एक ऑनलाइन पोर्टल और मोबाइल ऐप '**आभार आपकी सेवा का'** शुरू किया है।

**नोट:** यह ई-गवर्नेंस के तहत भारत की डिजिटल इंडिया योजना और डिजिटल छत्तीसगढ़ के सपने को साकार करता है।इस ऐप्लीकेशन के माध्यम से राज्य के लगभग 80,000 पेंशनभोगियों को पेंशन और भुगतान से संबंधित सभी जानकारी ऑनलाइन मिल जाएगी।

**24.** अपने कर्मचारियों के लिए नवंबर, 2018 से सातवें वेतन आयोग की सिफारिशों को लागू करने वाली राज्य सरकार -- **महाराष्ट्र।**

**नोट:** इस फैसले से राज्य भर में 19 लाख सरकारी कर्मचारियों को फायदा होगा और राज्य के खजाने पर



फ्री टेस्ट
बैंक, एसएससी, आरआरबी, गेट
जेईई, नीट तथा अन्य परीक्षाएं
अटेम्प्ट करें

21,530 करोड़ रुपये का वित्तीय बोझ पड़ेगा। मार्च, 2018 में, वित्त विभाग ने अपने वार्षिक बजट में 10,000 करोड़ रुपये का प्रावधान किया है।

25. सभी विभागों को जोड़ने और मुद्दों को हल करने के लिए स्वयं में समर्थ **'ई-प्रगति कोर प्लेटफॉर्म'** लॉन्च करने वाली राज्य सरकार -- **आंध्र प्रदेश।**

**नोट:** ई-प्रगति का लक्ष्य नागरिकों को 34 विभागों, 336 स्वायत्त संगठनों और 745 से अधिक सेवाओं से जोड़ना है।इस परियोजना के माध्यम से, राज्य सरकार 'सनराइज ए.पी 2022' के सपने को साकार करने का इरादा रखती है।

26. पैंगोलिन के अंतर्राष्ट्रीय तस्करी रैकेट को पकड़ने के लिए अभियान शुरू करने वाली राज्य पुलिस -- **ओडिशा।**

**नोट:** ओडिशा पुलिस ने उस अंतर्राष्ट्रीय सिंडिकेट को पकड़ने के लिए एक अभियान लॉन्च किया है जो दुनिया के सर्वाधिक अवैध व्यापार किए जाने वाले स्तनधारियों में से एक "लुप्तप्राय" पैंगोलिन को बेंचता है।

27. शराबबंदी कानून के दुरुपयोग को रोकने और अपराध के आधार पर दंड देने के लिए कानून के कुछ सख्त प्रावधानों में संशोधन हेतु एक बिल पारित करने वाली राज्य विधानसभा -- **बिहार।**

**नोट:** वर्ष 2016 में अधिनियमित उत्पाद कानून में परिवर्तन राज्य और पुलिस अधिकारियों द्वारा प्रावधानों के व्यापक दुरुपयोग की शिकायतें प्राप्त होने के बाद लाया जा रहा है।

28. 'दिव्यांगजनों' के लिए एक अलग निदेशालय स्थापित करने का निर्णय लेने वाली राज्य सरकार -- **असम।**

**नोट:** समाज कल्याण मंत्री **प्रमिला रानी ब्रहमा** के अनुसार, सामाजिक कल्याण विभाग सभी दिव्यांगजनों को प्रति माह 1 हजार रुपये प्रदान करेगा।दिव्यांग एक हिंदी शब्द है जिसका अर्थ है दिव्य शरीर वाला व्यक्ति।

29. किसानों को खराब ट्रांसफॉर्मर्स के संबंध में अपनी शिकायत दर्ज कराने के लिए एक मोबाइल ऐप पेश करने का निर्णय लेने वाली राज्य सरकार -- **राजस्थान सरकार।**

**नोट:**अब ट्रांसफॉर्मर को शिकायत के छह घंटों के अंदर बदल दिया जाएगा।इससे पहले, इस योजना को झलवाड़ा से प्रायोगिक दृष्टि से शुरू किया गया था।

30. तिरुवनंतपुरम में महिलाओं के लिए समस्त महिलाओं द्वारा संचालित भारत का पहला सार्वजनिक क्षेत्र का होटल **'होस्टेस'** कौन लॉन्च करेगा -- **केरल पर्यटन विकास निगम (के.टी.डी.सी)।**

**नोट:** होटल तिरुवनंतपुरम के बिल्कुल मध्य में मुख्य बस स्टेशन के पास के.टी.डी.सी परिसर में बनाया जाएगा।'होस्टेस' में 'स्वचालित सुरक्षा सुविधाओं, प्रौद्योगिकी उन्मुख आगमन और बर्हिगमन, कपड़े धोने की सेवा, सम्मानार्थ नाश्ता, माइक्रोवेव ओवन और फिटनेस सेंटर सहित अत्याधुनिक सुविधाओं की पेशकश की जाएगी।

31. नदी तट पर मृदा अपरदन को रोकने और भू-जल भंडार की पूर्ति के लिए ओडिशा सरकार द्वारा चलाया गया वृक्षरोपण अभियान -- **हरित महानदी मिशन।**

**नोट:** 'हरित महानदी मिशन' के तहत महानदी नदी और इसकी सहायक नदियों के किनारे लगभग 2 करोड़ पौधे लगाए जाएंगे।

32. पश्चिम बंगाल के राज्यपाल **के.एन. त्रिपाठी** ने **18वें अंतर्राष्ट्रीय बाल फिल्म महोत्सव** का उद्घाटन कहां किया-- **कोलकाता।**

**नोट:**महोत्सव में 17 देशों से पेश की गईं 32 फिल्में दिखाई जाएंगी।राज्यपाल ने राज्य के हर सिनेमा हॉल में हर महीने एक बाल फिल्म दिखाए जाने की भी मांग की।

33. कौन सी राज्य सरकार 'शहीदों' को सम्मान करने के लिए स्वतंत्रता दिवस की संध्या को शहीद सम्मान दिवस के रूप में मनाएगी -- **मध्य प्रदेश।**



फ्री टेस्ट
बैंक, असअससी, आरआरबी, गेट
जेईई, नीट तथा अन्य परीक्षाएं
अटेम्प्ट करें

**नोट:** यह एक व्यापक कार्यक्रम होगा और मध्यप्रदेश के सभी गांवों, ब्लॉकों और जिलों में मनाया जाएगा, जहां रैलियों का आयोजन होगा।इस अवसर पर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की जाएगी और शहीदों के परिवारजनों को भी सम्मानित किया जाएगा।

**34.** शहरों में ठोस एवं तरल अपशिष्ट के बेहतर प्रबंधन के लिए 'शहरी स्वच्छता एवं सफाई नीति' की घोषणा करने वाली राज्य सरकार -- **गुजरात।**

**नोट:**नीति का उद्देश्य हाथों से कचरा उठाने का पूर्ण उन्मूलन करना है।नीति गंदे जल की निकासी के पुनर्चक्रण पर भी जोर देती है।

**35.** पिछली सरकार द्वारा परिकल्पित स्वास्थ्य बीमा योजना को नई योजना से बदलने की घोषणा करने वाली राज्य सरकार -- **अरुणाचल प्रदेश।**

**नोट:** नई **मुख्यमंत्री आरोग्य अरुणाचल योजना** (सी.एम.ए.ए.वाई) नागरिकों को सूचीबद्ध अस्पतालों में नकद रहित स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठाने में सक्षम बनाती है।योजना का उद्देश्य वर्ष 2020 तक सर्वजन स्वास्थ्य देखभाल को ध्यान में रखते हुए राज्य के लोगों को गुणवत्ता और नकद रहित स्वास्थ्य सेवा प्रदान करना है।

**36.** राज्य के पहले **'गाय अभयारण्य'** के निर्माण हेतु एक निजी ट्रस्ट **सोहनलालजी बुलादेवीजी ओझा गौशाला समिति** के साथ समझौता ज्ञापन (एम.ओ.यू) पर हस्ताक्षर करने वाली राज्य सरकार -- **राजस्थान।**

**नोट:** जून, 2018 में, राज्य सरकार ने शराब पर 20 प्रतिशत अधिभार शुल्क लागू किया था ताकि इससे अर्जित आय का उपयोग राज्य में गायों की सुरक्षा के लिए किया जा सके।

## महत्वपूर्ण समाचार – विश्व

1. नेपाल-भारत संबंधों पर **'प्रतिष्ठित व्यक्ति समूह'** (ई.पी.जी) की दो दिवसीय अंतिम बैठक **काठमांडू, नेपाल में** कहां संपन्न हुई।

   **नोट:** नेपाल और भारत के प्रतिनिधियों ने बैठक के दौरान वर्ष 1950 की शांति एवं मैत्री संधि, व्यापार, पारवहन और सीमा सहित विभिन्न द्विपक्षीय मुद्दों पर विचार-विमर्श किया। ई.पी.जी भारत और नेपाल के विशेषज्ञों एवं बुद्धिजीवियों का एक संयुक्त तंत्र है।

2. अमेरिकी विदेश विभाग की वर्ष 2018 की मानव तस्करी रिपोर्ट के अनुसार, **उत्तर कोरिया** को "सबसे खराब मानव तस्कर राष्ट्र कहा गया है।

   **नोट:** उत्तर कोरिया को चीन, रूस और ईरान के साथ टियर 3 श्रेणी में शामिल किया गया है जो सबसे निम्न रैंकिंग है।

3. **अंतर्राष्ट्रीय खाद्य विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी संघ 2018** की मेजबानी **भारत** करेगा।

   **नोट: अंतर्राष्ट्रीय खाद्य विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी संघ 2018** (IUFoST) ने घोषणा की है कि 19वें संस्करण का पांच दिवसीय वैश्विक समारोह नवी मुंबई, भारत (अक्टूबर, 2018) में आयोजित किया जाएगा।

4. सितंबर, 2018 में नई दिल्ली में **'मूव: ग्लोबल मोबिलिटी शिखर सम्मेलन'** का आयोगन **नीति आयोग** करेगा।

   **नोट:** शिखर सम्मेलन का उद्देश्य तेजी से बदलते वैश्विक गतिशील परिदृश्य के भीतर प्रमुख हितधारकों को साथ लाना और भविष्य के लिए साझा, संयोजित, शून्य उत्सर्जन और समावेशी गतिशील एजेंडे के लिए सार्वजनिक हित वाले ढांचे को विकसित करना है। शिखर सम्मेलन तीन निर्दिष्ट घटकों, कॉन्क्लेव, एक्सपो और फीचर्ड इवेंट का गठन करेगा।



फ्री टेस्ट
बैंक, एसएससी, आरआरबी, गेट
जेईई, नीट तथा अन्य परीक्षाएं
अटेम्प्ट करें

5. भारत की **तीन दिवसीय यात्रा** पर नईं दिल्ली पहुंचने वाले भूटान के प्रधानमंत्री **दासो शेरिंग तोबगे है**।
**नोट:** भारत और भूटान ने दोस्ती और सहयोग के अद्‌वितीय संबंधों की सराहना की, जिसका वर्णन अत्यधिक विश्वास और पारस्परिक समझ से किया जाता है। इस वर्ष दोनों देश औपचारिक राजनयिक संबंधों की स्थापना की स्वर्ण जयंती मना रहे हैं।

6. यूनेस्को के प्रतिनिधिमंडल ने **विशाखापत्तनम** में **'गेमिंग के लिए डिजाइन यूनिवर्सिटी'** स्थापित करने के लिए आंध्र प्रदेश आर्थिक विकास बोर्ड (ए.पी.ई.डी.बी) के साथ एक समझौते पर हस्ताक्षर किए।
**नोट:** गेमिंग के लिए डिज़ाइन यूनिवर्सिटी यूनेस्को को राज्य में 10 वर्षों में 50,000 नौकरियां प्रदान करने के लक्ष्य के साथ एजुटेक गेमिंग विकसित करने में सहायता करेगी।इससे पहले, यूनेस्को ने आंध्र प्रदेश सरकार से विशाखापत्तनम में 100 एकड़ जमीन प्रदान करने का अनुरोध किया ताकि शहर को अंतर्राष्ट्रीय गेमिंग और डिजिट लर्निंग हब के रूप में विकसित किया जा सके।

7. दुनिया के पहले डिजिटल कला संग्रहालय के दरवाजे जनता के लिए **टोक्यो, जापान में खोले** गए।
**नोट:** संग्रहालय में आने वाले लोग 9,000 वर्ग मीटर की इंटरैक्टिव गैलरी में स्थानांतरण के लिए स्वतंत्र हैं।प्रदर्शनी स्वयं में वास्तविक समय में वास्तविक दुनिया के मौसमों से जुड़ी हुई है, जिसका अर्थ है कि संग्रहालय में कोई भी दो यात्रा समान नहीं होगी।

8. भारत और नेपाल के बीच पर्यटन सहयोग पर संयुक्त कार्यकारी दल की बैठक (दूसरी) **काठमांडू, नेपाल में** संपन्न हुई।
**नोट:** दोनों देशों ने बौद्‌ध एवं रामायण सर्किट और साहसिक पर्यटन को बढ़ावा देने पर संयुक्त रूप से सहमति व्यक्त की।दोनों देशों के बीच पर्यटन सहयोग बढ़ाने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की नेपाल यात्रा के बाद वर्ष 2014 में संयुक्त कार्यकारी समूह का गठन किया गया था।

9. **अंतर्राष्ट्रीय अपराध न्यायालय** (आई.सी.सी) की स्थापना करने वाले अधिनियम की 20वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में आयोजित **संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद** की अनौपचारिक बैठक का बहिष्कार **अमेरिका ने** किया।
**नोट:** अमेरिका ने अफगानिस्तान में स्थिति से संबंधित अमेरिकी कर्मियों की किसी भी संभावित आई.सी.सी जांच के बारे में चिंता व्यक्त की है।अंतर्राष्ट्रीय अपराध न्यायालय (आई.सी.सी) एक अंतर्शासकीय संगठन और अंतर्राष्ट्रीय न्यायाधिकरण है जो नीदरलैंड के हेग में स्थित है।

10. केंद्रीय मानव संसाधन विकास (एच.आर.डी) मंत्री प्रकाश जावड़ेकर ने पांच दिवसीय 17वें विश्व संस्कृत सम्मेलन का उद्‌घाटन **वैंकूवर, कनाडा में** किया।
**नोट:** इस सम्मेलन का उद्‌देश्य लोगों द्‌वारा दुनिया भर में संस्कृत भाषा को बढ़ावा देना, संरक्षित करना और अभ्यास करना है। विश्व संस्कृत सम्मेलन दुनिया भर के विभिन्न देशों में हर तीन वर्षों में एक बार आयोजित किया जाता है।

11. द्‌विवार्षिक विश्व शहर शिखर सम्मेलन (डब्ल्यू.सी.एस-2018) का 6वां संस्करण **सिंगापुर में** आयोजित किया गया।
**नोट:** यह सरकारी नेताओं और उद्‌योग विशेषज्ञों के लिए टिकाऊ शहर चुनौतियों का समाधान करने, एकीकृत शहरी समाधान साझा करने और नई साझेदारी बनाने की दृष्टि से एक विशेष मंच है।

12. पाकिस्तान के लिए दो रिमोट सेंसिंग उपग्रहों को सफलतापूर्वक **चीन ने** लॉन्च किया।
**नोट:** उपग्रह (a) **PRSS-1** और (b) **PakTES-1A** - उत्तर पश्चिमी चीन में जिउकान उपग्रह प्रक्षेपण केंद्र से लॉन्च किए गए।





**13.** नेपाल के प्रधान मंत्री के.पी. शर्मा ओली ने नेपाल अकादमी के तीन मंजिला पुस्तकालय भवन का उद्घाटन कहां **काठमांडू में** किया।

**नोट:** पुस्तकालय का निर्माण भारत के विकास साझेदारी कार्यक्रम के रूप में किया गया है।शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क, पुल, विद्युतीकरण, रेलवे और सीमा क्षेत्र संबंधों पर अब तक 500 से अधिक परियोजनाएं अवसंरचना विकास और क्षमता निर्माण पर कार्यान्वित हैं।

**14.** कैलिफ़ोर्निया स्थित 3-D प्रिंटिंग कंपनी को क्षुद्रग्रहों को दूर अंतरिक्ष में उड़ सकने वाले विशाल, स्वायत्त अंतरिक्षयानों में बदलने के तरीकों को खोजने के लिए धन प्रदान करने की घोषणा **नासा ने** की।

**नोट:** इस प्रॉजेक्ट को RAMA (Reconstituting Asteroids into Mechanical Automata) नाम दिया गया है।कंपनी अपने लंबे प्रॉजेक्ट के भाग के रूप में अंतरिक्ष में पृथ्वी के निकट के क्षुद्रग्रहों के अनुक्रमण के साथ मिलकर एक उन्नत रोबोटिक "सीड क्राफ्ट" भेजने पर विचार कर रही है।

**15.** संयुक्त राज्य अमेरिका के साथ स्थगित संयुक्त अभ्यास के भाग के रूप में इस वर्ष एक वार्षिक सरकारी मोबिलाइजेशन अभ्यास को रद्द करने का फैसला **दक्षिण कोरिया ने किया।**

**16.** अपने पहले वर्ष के लिए इराक में एक नए नाटो प्रशिक्षण एवं क्षमता निर्माण मिशन की कमान संभालने वाला देश ____ **कनाडा।**

**नोट: उत्तरी अटलांटिक संधि संगठन** (नाटो) 29 उत्तरी अमेरिकी और यूरोपीय देशों के बीच एक अंतर्शासकीय सैन्य गठबंधन है।

**17.** एकीकृत भारतीय वीजा आवेदन केंद्र का उद्घाटन कहां किया गया -- **बांग्लादेश।**

**नोट:** जमुना फ्यूचर पार्क में स्थित नया आई.वी.ए.सी एक आदर्श वीजा केंद्र होगा जो 18,500 वर्ग फुट के व्यवसायिक क्षेत्र में स्थित है, जिसमें कंप्यूटर जेनरेटेड टोकन विक्रय मशीन, वातानुकूलित प्रतीक्षालय में आरामदायक बैठक व्यवस्था, कॉफी और सॉफ्ट ड्रिंक विक्रय मशीन, फूड स्टॉल जैसी सुविधाएं हैं।

**18.** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प और उनके रूसी समकक्ष व्लादिमीर पुतिन द्विपक्षीय संबंधों पर चर्चा करने के लिए अपनी पहली शिखर वार्ता कहां आयोजित करेंगे -- **हेलसिंकी।**

**नोट:**ट्रम्प ने वर्ष 2016 के अमेरिकी चुनाव के दौरान कथित हैकिंग के आरोप में 12 रूसियों के शामिल होने के विषय को उठाया, जबकि रूस ने हैकिंग आरोपों से इनकार कर दिया है।

**19.** किस देश ने कोलंबियाई सीमा क्षेत्र में नशीली दवाओं की तस्करी के खतरों से सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए इस क्षेत्र में 60 दिनों का आपातकाल घोषित किया -- **पेरू।**

**नोट:** आपातकाल की घोषणा पेरू के अमेज़न प्रांत पुतुमायो में की गई है, जो इसी नाम की नदी द्वारा कोलंबिया से अलग होता है।

**20.** दो वर्ष की अवधि के लिए **विश्व सीमा शुल्क संगठन** (डब्लू.सी.ओ) के **एशिया प्रशांत क्षेत्र** का **उपाध्यक्ष** (क्षेत्रीय प्रमुख) किसे बनाया गया -- **भारत।**

**नोट:** प्रत्येक क्षेत्र का प्रतिनिधित्व डब्ल्यू.सी.ओ परिषद द्वारा निर्वाचित उपाध्यक्ष द्वारा किया जाता है।डब्लू.सी.ओ दुनिया भर में 182 सीमा शुल्क प्रशासनों का प्रतिनिधित्व करता है जो सामूहिक रूप से विश्व व्यापार का लगभग 98 प्रतिशत संसाधित करते हैं।

**21.** दो वर्ष पहले तख्तापलट के असफल प्रयास के फलस्वरूप लगाया गया राष्ट्रव्यापी आपातकाल किस देश ने खत्म कर दिया -- **तुर्की।**

**नोट:** 20 जुलाई, 2016 में, राष्ट्रपति **रेसेप तैय्यप एर्दोगेन** ने तुर्की में आपातकाल की घोषणा की थी।आपातकाल के दौरान करीब 80,000 लोगों को गिरफ्तार किया गया और इसकी दोगुना संख्या में लोगों को सार्वजनिक संस्थानों की नौकरियों से बर्खास्त किया गया।





**22.** प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी ने किस देश के लिए वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से देशव्यापी आपातकालीन एम्बुलेंस सेवा शुरू की -- **श्रीलंका।**

**नोट:** यह सेवा श्रीलंका के दो प्रांतों में भारत से प्राप्त अनुदान सहायता द्वारा पेश की गई थी और इसे शेष सात प्रांतों में विस्तारित किया जाएगा।भारत ने 22.8 मिलियन अमेरिकी डॉलर का अनुदान प्रारंभिक चरण (7.6 मिलियन) और देशव्यापी विस्तार (15.2 मिलियन) के लिए दिया है।

**23.** चौथा बिम्सटेक शिखर सम्मेलन कहां आयोजित किया जाएगा -- **काठमांडू, नेपाल।**

**नोट:**शिखर सम्मेलन का विषय सड़कों, वायुमार्गों और संचरण लाइनों सहित बिम्सटेक देशों के बीच कनेक्टिविटी बढ़ाने पर केंद्रित होगा।

- सीमा शुल्क सहयोग पर बिम्सटेक कार्यकारी समूह की पहली बैठक नई दिल्ली, भारत (10-11 मई, 2018) में आयोजित की गई थी।

**24.** केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री श्री जे.पी. नड्डा ने कहां पर 8वीं ब्रिक्स स्वास्थ्य मंत्री बैठक को संबोधित किया -- **डरबन (दक्षिण अफ्रीका)।**

**नोट:**केंद्र सरकार ने **'आयुष्मान भारत'** नामक महत्वाकांक्षी कार्यक्रम की घोषणा की है जिसे अगले महीने भारत भर में पेश किया जाना है।

**25.** बॉर्डर हाट पर भारत-बांग्लादेश संयुक्त समिति की पहली बैठक कहां आयोजित की गई -- **अगरतला, त्रिपुरा।**

**नोट:** दोनों पक्षों ने हाट के आस-पास के क्षेत्र में रहने वाले लोगों की आजीविका पर बॉर्डर हाट के सकारात्मक प्रभाव पर ध्यान दिया।दोनों इस बात पर सहमत हुए कि अगली बैठक बांग्लादेश में पारस्परिक सहमति से निर्धारित तारीखों पर आयोजित की जाएगी।

**26.** भारत और रवांडा ने किगाली में प्रधान मंत्री **नरेंद्र मोदी** और **पॉल कगामे** के बीच प्रतिनिधिमंडल स्तर की वार्ता के बाद कितने समझौतों पर हस्ताक्षर किए -- **आठ।**

**नोट:**दोनों देशों ने रक्षा, व्यापार, कृषि, चमड़ा और संबद्ध उत्पादों एवं डेयरी के क्षेत्रों में समझौतों पर हस्ताक्षर किए।भारत ने - औद्योगिक पार्क और किगाली विशेष आर्थिक क्षेत्र के विकास, तथा रवांडा में तीन कृषि परियोजनाओं दोनों में से प्रत्येक के लिए 100 मिलियन अमेरिकी डॉलर की दो ऋण सीमाओं का विस्तार भी किया।

**27.** किस बहुराष्ट्रीय वायुसेना अभ्यास में भाग लेने के लिए भारतीय वायुसैनिकों का एक दल ऑस्ट्रेलिया के डार्विन वायुसेना बेस पहुंचा -- **अभ्यास पिच ब्लैक।**

**नोट:** आई.ए.एफ सैन्य दल में Su-30 MKI लड़ाकू जेट विमान (4), C-130 (1) और C-17 ट्रांसपोर्टर विमान (1) शामिल थे।अभ्यास का उद्देश्य एक अनुरूपित युद्ध के माहौल में **ऑफेंसिव काउंटर एयर** (ओ.सी.ए) और **डिफेंसिव काउंटर एयर** (डी.सी.ए) का अभ्यास करना है।पहला पिच ब्लैक अभ्यास 15-16 जून, 1981 को विभिन्न आर.ए.ए.एफ यूनिटों के बीच हुआ था।

**28.** अपने शिक्षा क्षेत्र को बढ़ावा देने के लिए अक्टूबर में अगली **आसियान शिक्षा मंत्री बैठक** (ए.एस.ई.डी) की मेजबानी करने वाला देश -- **म्यांमार।**

**नोट:**दक्षिण पूर्व एशियाई राष्ट्र संगठन (आसियान) के सहयोगी देशों में भारत, चीन, जापान, दक्षिण कोरिया, न्यूजीलैंड, रूस, अमेरिका और ऑस्ट्रेलिया शामिल हैं।पहली ए.एस.ई.डी सिंगापुर (वर्ष 2006 में) और पिछली मलेशिया में आयोजित की गई थी।

**29.** प्रधान मंत्री मोदी ने रवांडा सरकार के गिरिनका कार्यक्रम के किस मॉडल के तहत ग्रामीणों को 200 गायें उपहार में दीं -- **रवेरू मॉडल।**

**नोट:**इस योजना के तहत, गरीब परिवारों को डेयरी गायों का उपहार दिया जाता है और गाय की जन्म लेने वाली पहली मादा संतान (बछिया) पड़ोसी को उपहार दी जाती है।गिरिनका शब्द का अर्थ है 'आपके पास एक गाय हो





सकती है' और यह रवांडा में सदियों पुरानी सांस्कृतिक प्रथा को दर्शाती है।

30. **अंतर्राष्ट्रीय महिला सांसद गुट-बैठक कांग्रेस** (International Congress of Parliamentary Women's Caucuses (IWPC)) की मेजबानी करने वाला देश -- **आयरलैंड।**
**नोट:**समारोह में 27 से अधिक देशों और क्षेत्रों के लगभग 300 प्रतिनिधि भाग लेंगे।सम्मेलन एक डबलिन घोषणा पत्र के साथ समाप्त होगा।

31. ब्रिक्स शिखर सम्मेलन 2018 कहां आयोजित किया गया -- **जोहान्सबर्ग।**
**नोट:** शिखर सम्मेलन का विषय "अफ्रीका में ब्रिक्स- चौथी औद्योगिक क्रांति में समावेशी विकास और साझा समृद्धि के प्रति सहयोग" )BRICS in Africa - collaboration for inclusive growth and shared prosperity in the 4th industrial revolution) है। ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में ब्राजील, रूस, भारत, चीन और दक्षिण अफ्रीका पांच ब्रिक्स देश भाग लेंगे।

32. अमेरिकी पत्रिका **साइंस** में इतालवी शोधकर्ताओं की अगुआई वाली एक रिपोर्ट के अनुसार कहां पर पहली बार एक विशाल भूमिगत झील का पता चला है -- **लाल ग्रह मंगल।**
**नोट:** यह लाल ग्रह पर पाए गए द्रवित जल का अब तक का सबसे बड़ा निकाय है।ऐसा माना जाता है कि ग्रह पर कम से कम 3.6 बिलियन वर्ष पहले द्रवित जल और झीलों का अपार भंडार था।वैज्ञानिक समकालीन जल के संकेत ढूंढने के प्रति उत्सुक हैं क्योंकि इस तरह की खोजें प्राचीन काल में कभी भी मंगल ग्रह पर संभावित जीवन के रहस्यों को उजागर करने की दृष्टि से महत्वपूर्ण हैं।

33. विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी सहयोग के कई मुद्दों पर चर्चा करने के लिए **भारत-ब्रिटेन विज्ञान एवं नवाचार परिषद** (एस.आई.सी) की 6वीं बैठक कहां आयोजित की गई -- **नई दिल्ली।**
**नोट:**केंद्रीय मंत्री **डॉ. हर्षवर्धन** और श्री **सैम गिमाह** (विश्वविद्यालय, विज्ञान, अनुसंधान एवं नवाचार मंत्री, ब्रिटेन) ने क्रमशः भारतीय और ब्रिटेन के प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व किया।

## सम्मान एवं पुरस्कार

1. मिस एशिया (बधिर) 2018 का ताज जीतने वाली भारतीय महिला -- **देशना जैन।**

2. छह में से वे दो भारतीय विजेता जिन्हें इस वर्ष के रेमन मैंग्सेसे पुरस्कार से सम्मानित किया गया__ **भरत वटवानी और सोनम वांगचुक।**
**नोट:** भरत वटवानी (मनोचिकित्सक) ने सड़कों पर रहने वाले मानसिक रूप से बीमार लोगों का इलाज किया।सोनम वांगचुक जिन्हें लद्दाख में शिक्षा क्षेत्र में उनके सुधारों के लिए जाना जाता है, ने गरीब गांव के छात्रों की परीक्षाओं उत्तीर्ण करने में सहायता की एक पहल शुरू की।**योक चांग** (कंबोडिया), **मारिया डी लॉर्डेस मार्टिन्स क्रूज** (पूर्व तिमोर), **हावर्ड डी** (फिलीपींस) और **वो थी हॉन्ग येन रोम** (वियतनाम) पुरस्कार के अन्य विजेता हैं।

3. पश्चिम बंगाल विधानसभा ने राज्य का नाम बदलकर क्या करने के लिए एक प्रस्ताव पारित किया-- **बांग्ला।**
**नोट:**इसका उद्देश्य राज्य के नामों के वर्णमाला अनुक्रम में राज्य को ऊपर लाना है, जिस सूची में अभी पश्चिम बंगाल (West Bengal) अंतिम स्थान पर आता है।अभी राज्य को केंद्रीय गृह मंत्रालय से प्रस्ताव के अंतिम अनुमोदन का इंतजार करना होगा।

4. अमेरिका स्थित इंस्टीट्यूट फॉर एनर्जी इकोनॉमिक्स एंड फाइनेंशियल एनालिसिस (आई.ई.ई.एफ.ए) की रिपोर्ट के



फ्री टेस्ट
बैंक, असअससी, आरआरबी, गेट
जेईई, नीट तथा अन्य परीक्षाएं
अटेम्प्ट करें

अनुसार, अक्षय ऊर्जा उत्पादन में अग्रणी राज्य -- **कर्नाटक।**

**नोट:**इसने तमिलनाडु को पीछे छोड़ा जो लंबे समय से भारत का शीर्ष अक्षय ऊर्जा बाजार रहा है।सिर्फ 2017-18 में पांच गीगावॉट स्थापित करने के बाद कर्नाटक में मार्च, 2018 तक 12.3 गीगावॉट (जी.डब्ल्यू) अक्षय ऊर्जा इकाई की स्थापना हुई है।

5. **भारतीय अंतर्राष्ट्रीय विज्ञापन संघ** द्वारा **'वर्ष के विक्रेता'** पुरस्कार से किसे सम्मानित किया गया -- **जी.सी.एम.एम.एफ।**

   **नोट:**अमूल का विपणन जी.सी.एम.एम.एफ (गुजरात सहकारी दूध विपणन संघ लिमिटेड) द्वारा किया जाता है, जो 41,000 करोड़ रुपये के ब्रांड के साथ गुजरात के 36 लाख किसानों के स्वामित्व वाला सबसे बड़ा सहकारी संघ है।अमूल को उसकी विपणन और विज्ञापन रणनीतियों के लिए भी जाना जाता है।

## श्रद्धांजलियां

1. किस पूर्व नौसेना प्रमुख का मुंबई में एक नौसेना अस्पताल में निधन हो गया -- **एडमिरल जे.जी. नाडकर्णी।**

   **नोट:** नाडकर्णी दिसम्बर, 1987 से नवंबर, 1990 तक नौसेना प्रमुख थे।
2. उड़ीसा उच्च न्यायालय के पूर्व मुख्य न्यायाधीश का नागपुर में निधन हो गया -- **वी.ए. मोहाता।**

   **नोट:**मोहाता 28 सितंबर, 1994 से 25 अप्रैल, 1995 तक ओडिशा उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश के पद पर कार्यरत थे।उन्होंने न्यायाधीश के रूप में भारत के वर्तमान मुख्य न्यायाधीश, **दीपक मिश्रा** के नाम की भी सिफारिश की थी।
3. मेघालय के किस पूर्व राज्यपाल और वरिष्ठ कांग्रेसी नेता का आयु से संबंधित बीमारियों के कारण निधन हो गया -- **मुंडक्कल मैथ्यू जैकब।**

   **नोट:**श्री जैकब ने 80 के दशक में राज्यसभा के उप-सभापति के रूप में भी कार्य किया था।
4. प्रसिद्ध कुमाउनी लोक गायिका जिनका उत्तराखंड के पिथौरागढ़ में निधन हो गया - **कबूतरी देवी।**

   **नोट:**कबूतरी देवी के गीतों ने पहाड़ी महिलाओं के जीवन के संघर्षों को दर्शाया है।देवी को लोक इतिहासकारों द्वारा पहाड़ियों की संस्कृति को दर्शाने वाली एक मूल आवाज के रूप में याद किया जाता है।
5. डॉ हंसराज हाथी के किरदार को निभाने के लिए प्रसिद्ध किस अभिनेता का दिल का दौरा पड़ने के बाद निधन हो गया .__ **कवि कुमार आजाद।**

   **नोट:**श्री आजाद लोकप्रिय हास्य धारावाहिक "तारक मेहता का उल्टा चश्मा" में डॉ. हंसराज हाथी के किरदार के लिए जाने जाते हैं।
6. इंदौर, मध्य प्रदेश में अनुभवी पत्रकार का निधन हो गया -- **कल्पेश याज्ञिक।**

   **नोट:** वह सामाजिक मुद्दों पर लिखने वाले एक उत्कृष्ट लेखक और संपादक थे।
7. पूर्व नागर विमानन महानिदेशक (डी.जी.सी.ए) का बीमारी के बाद निधन हो गया - **कानू गोहेन।**

   **नोट:**गोहेन, जो नागर विमानन महानिदेशालय (डी.जी.सी.ए) के अंतिम टेक्नोक्रेट थे, वर्ष 2008 में सेवाओं से सेवानिवृत्त हुए थे।
8. **'दैनिक भास्कर'** समाचार पत्र के वरिष्ठ संपादक का दिल का दौरा पड़ने के बाद निधन हो गया --**कल्पेश याज्ञिक।**

   **नोट:** मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री **शिवराज सिंह चौहान** ने वरिष्ठ पत्रकार की मौत पर शोक व्यक्त किया।
9. अनुभवी बॉलीवुड और टी.वी अभिनेत्री का निधन हो गया -- **रीता भादुड़ी।**





**नोट:** अभिनेत्री रीता भादुड़ी ने बेटा, राजा, जूली जैसी 70 फिल्मों में काम किया।वह खिचड़ी, कुमकुम, छोटी बहू और साराभाई वर्सेज साराभाई इत्यादि में अपनी भूमिकाओं के माध्यम से टेलीविज़न का एक लोकप्रिय चेहरा थीं।

10. **लक्ष्मीवर तीर्थ स्वामी** का मणिपाल के कस्तूरबा अस्पताल में निधन हो गया, वह कहां के महंत थे **--शीरूर मठ।**
**नोट:**उन्हें आठ वर्ष की अवस्था में 'सन्यास आश्रम' ग्रहण किया था।वह श्रीकृष्ण मठ/मंदिर में भगवान कृष्ण की मूर्ति को विभिन्न शैलियों में एक सुंदर तरीके से सजाने के लिए भी जाने जाते थे।

11. लंबी बीमारी के कारण सावंतवाड़ी में कोंकण क्षेत्र की प्रख्यात कार्यकर्ता का निधन हो गया -- **राजमाता सत्वशिला देवी भोसले।**
**नोट:**वह सावंतवाड़ी साम्राज्य के अंतिम राजा 'स्वर्गीय शिवरामराजे भोसले की पत्नी थीं, जो रियासती राज्यों के भारतीय संघ में विलय से पहले राजगद्दी पर बैठे।

12. भारतीय सूचना सेवा अधिकारी का नई जलपाईगुड़ी में दिल का दौरा पड़ने के कारण निधन हो गया -- **मोहम्मद मुनव्वर।**
**नोट:** उन्हें क्षेत्र प्रचार निदेशालय में सहायक निदेशक के रूप में तैनात किया गया था।वह अपने पीछे दो बेटों और पत्नी को छोड़ गए हैं।

13. लंबी बीमारी के बाद नई दिल्ली में प्रसिद्ध हिंदी कवि का निधन हो गया -- **गोपाल दास नीरज।**
**नोट:**नीरज ने प्रेम पुजारी, तेरे मेरे सपने, चंदा और बिजली तथा शर्मिली जैसी फिल्मों के लिए गीत लिखकर ख्याति प्राप्त की।उन्होंने 3 **फिल्मफेयर** पुरस्कार जीते और उन्हें **पद्मश्री** (वर्ष 1991 में) तथा **पद्म भूषण** (वर्ष 2007 में) से भी सम्मानित किया गया।

14. छत्तीसगढ़ के पूर्व वित्त मंत्री का रायपुर में निधन हो गया -- **रामचंद्र सिंहदेव।**
**नोट:**वह छत्तीसगढ़ के तत्कालीन मुख्यमंत्री **अजीत जोगी** के मंत्रिमंडल में पहले वित्त मंत्री थे।सिंहदेव का जन्म छत्तीसगढ़ के कोरिया जिले स्थित बैकुंठपुर में हुआ था।

15. पुलित्जर पुरस्कार विजेता रेस्टोरेंट समालोचक का अग्नाशय में कैंसर के कारण निधन हो गया -- **जॉनथन गोल्ड।**
**नोट:** वर्ष 2007 में, जब वह एल.ए. वीकली के लिए लिख रहे थे, तो गोल्ड समीक्षा के लिए पुलित्जर पुरस्कार जीतने वाले पहले रेस्टोरेंट समालोचक बने।

16. किस अनुभवी खेल पत्रकार का मधुमेह संबंधी समस्याओं के कारण निधन हो गया -- **स्वप्न सरकार।**
**नोट:** वर्ष 1990 के दशक के मध्य में, वह **आनंद बाजार पत्रिका** (ए.बी.पी) के दिल्ली खेल संवाददाता भी थे।

17. दुनिया की सबसे उम्रदराज महिला का जापान के दक्षिणी टोक्यो में अपने गृह राज्य में निधन हो गया -- **चियो मियाको।**
**नोट:**मियाको (2 मई, 1901) दक्षिणी जापान के किकाई द्वीप की **नाबी ताजीमा** की 117 वर्ष की उम्र में मृत्यु हो जाने के बाद अप्रैल में दुनिया की सबसे उम्रदराज महिला बनी थीं।

18. अनुभवी फिल्म निर्माता और भारतीय फिल्म एवं टेलीविजन संस्थान के पूर्व निदेशक का केरल के तिरुवल्ला में निधन हो गया -- **जॉन शंकरमंगलम।**
**नोट:**श्री शंकरमंगलम ने अपने करियर में कुछ फिल्मों और वृत्तचित्रों का निर्देशन भी किया था।"अवल अल्पम वैकीप्पोई", "जन्मभूमि" और "सामंथारम" उनकी निर्देशन कृतियों में से थीं।

## सम्मान एवं पुरस्कार

1. आई.सी.सी क्रिकेट हॉल ऑफ फेम में शामिल भारतीय क्रिकेटर -- **राहुल द्रविड़।**

**नोट:** पूर्व भारतीय कप्तान राहुल द्रविड़ और पूर्व ऑस्ट्रेलियाई कप्तान रिकी पोंटिंग को अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट





में उनकी शानदार उपलब्धियों के लिए आई.सी.सी क्रिकेट हॉल ऑफ फेम में शामिल किया गया।सन्यास प्राप्त इंग्लैंड की महिला विकेटकीपर-बल्लेबाज क्लेयर टेलर का नाम भी 'हॉल ऑफ फेम' में शामिल किया गया।

2. **'अंजलि इला मेनन'** को दृश्य कला में उनके योगदान के लिए प्रतिष्ठित **राष्ट्रीय कालिदास सम्मान** से सम्मानित करने वाली राज्य सरकार -- **मध्य प्रदेश।**
   **नोट:**मेनन भारत की सबसे सफलतम कलाकार और पद्मश्री प्राप्तकर्ता हैं।कालिदास सम्मान मध्य प्रदेश सरकार द्वारा वार्षिक रूप से (वर्ष 1980 से) प्रदान किया जाने वाला एक प्रतिष्ठित कला पुरस्कार है।
3. संयुक्त राष्ट्र (यू.एन) ने कहां पर स्थित **चेरीबकेट राष्ट्रीय उद्यान** को विश्व धरोहर स्थलों की सूची में रखा है -- **कोलंबिया।**
   **नोट:** यह उद्यान देश का सबसे बड़ा उद्यान है और यह उत्तरी अमेज़ॉन में पौधों की सर्वाधिक विविधता रखता है।यह अपनी टेबल-टॉप रॉक संरचनाओं के लिए भी प्रसिद्ध है, जिसे टेप्यूस के नाम से जाना जाता है, जो जंगल के बाहर विकसित होती है।
4. दुनिया के तीसरे सबसे अमीर व्यक्ति कौन बने -- **मार्क जुकरबर्ग।**
   **नोट:**फेसबुक के सह-संस्थापक **मार्क जुकरबर्ग** (34 वर्षीय) ने दुनिया के तीसरे सबसे अमीर व्यक्ति के रूप में **'वॉरेन बफेट'** (बर्कशायर हैथवे इनकॉरपोरेशन के अध्यक्ष एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी) को पीछे छोड़ दिया है।अब, जुकरबर्ग 81.6 बिलियन अमेरिकी डॉलर की कुल संपत्ति के साथ केवल **जेफ बेजोस** (Amazon.com Inc. के संस्थापक) और **बिल गेट्स** (माइक्रोसॉफ्ट कॉर्प के सह-संस्थापक) से पीछे हैं।
5. 2018 गोल्डन मैन बुकर पुरस्कार जीतने वाला उपन्यास -- **द इंग्लिश पेशेंट।**
   **नोट: द इंग्लिश पेशेंट** 'ने लंदन में साउथबैंक सेंटर स्थित रॉयल फेस्टिवल हॉल में मैन बुकर 50 फेस्टिवल के समापन समारोह में गोल्डन मैन बुकर पुरस्कार जीता।
6. आधुनिक इतिहास के सबसे अमीर व्यक्ति बनने वाले अमेजॉन के संस्थापक -- **जेफ बेजोस।**
   **नोट: ब्लूमबर्ग बिलियनेयर इंडेक्स** के अनुसार, **बेजोस** की निवल संपत्ति **150 बिलियन अमेरिकी डॉलर** है, जिसने उन्हें दशकों बाद दुनिया का सबसे अमीर व्यक्ति बना दिया।
7. **ट्रैवल एंड लीज़र पत्रिका** के पाठकों के माध्यम से वर्ष 2018 के दुनिया के **सर्वश्रेष्ठ पुरस्कार सर्वेक्षण** के भाग के रूप में, दुनिया के 15 सबसे अच्छे शहरों के बीच तीसरा स्थान प्राप्त करने वाला शहर -- **उदयपुर।**
   **नोट:** शीर्ष दो स्थानों पर मैक्सिको के ही दो शहर: **सैन मिगुएल डी ऑलेन्डे** और **ओक्साका** हैं।पारंपरिक-शहर 'उदयपुर' का निर्माण 16वीं शताब्दी में मेवाड़ के महाराणा ने कराया था।

## खेल समाचार

1. दुबई में खेले गए फाइनल मुकाबले में ईरान को 44-26 से हराकर **कबड्डी मास्टर्स** का खिताब किसने जीता -- **भारत।**
   **नोट:**'दुबई कबड्डी मास्टर्स 2018' एक छह राष्ट्रों की कबड्डी मास्टर्स श्रृंखला थी जो 22-30 जून, 2018 तक संयुक्त अरब अमीरात (यू.ए.ई) में आयोजित की गई





थी।टूर्नामेंट में विश्व चैंपियन भारत, पाकिस्तान, ईरान, कोरिया गणराज्य, अर्जेंटीना और केन्या शामिल थे।

**2.** अंतर्राष्ट्रीय फुटबॉल से सन्यास की घोषणा करने वाले स्पेन के बेहतरीन मिडफील्डर -- **आंद्रे इनिएस्टा।**

**नोट:** इनिएस्टा स्पेन के उस समय के प्रमुख खिलाड़ियों में से हैं जब उन्होंने बार्सिलोना के गेंद-कब्जे वाले खेल पर अपनी टिकी-टाका शैली से वर्ष 2008 और 2012 यूरोपीय चैंपियनशिप में जीत हासिल की थी।

**3.** कुआलालंपुर में पुरुषों के फाइनल में ऐतिहासिक 12वीं बार मलेशियाई ओपन बैडमिंटन का एकल खिताब किसने जीता___ **ली चोंग वेई।**

**नोट:** उन्होंने जापानी युवा बैडमिंटन खिलाड़ी केंटो मोमोटा को सीधे सेट में 21-17 23-21 से हराया।ली ने एक शानदार हमले की रणनीति का उपयोग करते हुए उभरते सितारे मोमोटा को उलझन में डाल दिया और पीछे हटने पर मजबूर कर दिया।महिला एकल फाइनल में, शीर्ष वरीयता प्राप्त ताई त्ज़ू यिंग (ताइवान) ने चीन की हे बिंगजियाओ को 22-20, 21-11 से हराया।

**4.** हॉकी चैंपियंस ट्रॉफी 2018 किसने जीती -- **ऑस्ट्रेलिया।**

**नोट:**नीदरलैंड के ब्रेडा में प्रतिष्ठित **चैंपियंस ट्रॉफी खिताब** के **अंतिम संस्करण** के फाइनल मुकाबले में भारत **ऑस्ट्रेलिया** (मौजूदा चैंपियन) से पेनल्टी शूट-ऑफ में 1-3 से हार गया।नीदरलैंड के ब्रेडा में पुरुषों के लिए आयोजित वर्ष **2018 पुरुष हॉकी चैंपियंस ट्रॉफी** 37वीं और हॉकी चैंपियंस ट्रॉफी का अंतिम संस्करण था।

**5.** अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आई.सी.सी) बॉल टैम्परिंग के दोषी पाए जाने वाले खिलाड़ियों पर न्यूनतम कितने मैचों का प्रतिबंध लगाएगी___ **6 टेस्ट या 12 ओ.डी.आई।**

**नोट:** अब, आई.सी.सी की नई आचार संहिता के अनुसार, बॉल टैम्परिंग को तीसरे लेवल के अपराध के रूप में अपग्रेड किया गया है।स्टीव स्मिथ और डेविड वार्नर से जुड़ी बॉल टैम्परिंग घटना ने आई.सी.सी को इसे लेवल 3 के अपराध के रूप में अपग्रेड करने के लिए मजबूर कर दिया, जिसमें 12 निलंबन अंक होंगे।

**6.** ऑस्ट्रिया में **ऑस्ट्रियन ग्रैंड प्रिक्स 2018** का खिताब किसने जीता -- **मैक्स वेरस्टापेन।**

**नोट:** जबकि फेरारी की किमी रायकोनन दूसरे और फेरारी के ही सेबेस्टियन वेटेल तीसरे स्थान पर रहे।मर्सिडीज के लुईस हैमिल्टन अपनी कार में एक यांत्रिक समस्या के कारण रेस में पीछे हो गए थे।मैक्स एमिलियन वेरस्टापेन बेल्जियम-डच रेसिंग ड्राइवर है जो फ़ॉर्मूला वन में रेड बुल रेसिंग के साथ डच ध्वज के तहत प्रतिस्पर्धा करते हैं।

**7.** हरारे में जिम्बाब्वे के खिलाफ 172 रनों की पारी खेलकर टी-20 अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में उच्चतम व्यक्तिगत स्कोर का रिकार्ड किसने दर्ज किया -- **एरोन फिंच।**

**नोट:** उन्होंने हिट विकेट आउट होने से पहले अपनी पारी में 10 छक्के और 16 चौके जड़े।फिंच और डी'आर्की शॉर्ट ने 223 रनों के शुरुआती साझेदारी की, जो टी-20 अंतर्राष्ट्रीय में किसी भी विकेट के लिए सबसे बड़ी साझेदारी है।वर्तमान में, इंडियन प्रीमियर लीग 2013 में 175 रन बनाने वाले वेस्टइंडीज के क्रिस गेल के नाम टी-20 में उच्चतम स्कोर का रिकॉर्ड दर्ज है।

**8.** भारतीय ओलंपिक महासंघ (आई.ओ.ए) ने कहां पर आयोजित होने वाले एशियाई खेलों के लिए एथलीटों के 524 सदस्यीय दल की घोषणा की है -- **इंडोनेशिया।**

**नोट:** आई.ओ.ए ने इस बार पुरुषों और महिलाओं की फुटबॉल टीमों को नहीं भेजने का फैसला किया है क्योंकि वे ओलंपिक निकाय द्वारा निर्धारित मौजूदा मानदंडों के तहत पात्र नहीं हैं।**18वें एशियाई खेल** (जकार्ता पालेमबांग 2018) इंडोनेशियाई शहरों **जकार्ता और पालेमबांग** में 18 अगस्त से 2 सितंबर, 2018 तक आयोजित होने वाली एक बहु-आयामी एशियाई खेल प्रतियोगिता है।

**9.** भारतीय खेल प्राधिकरण (एस.ए.आई) का नाम बदलकर क्या रखा जाएगा -- **स्पोर्ट्स इंडिया।**





**नोट:**भारतीय खेल प्राधिकरण (एस.ए.आई) भारतीय खेलों के विकास के लिए वर्ष 1984 में भारत सरकार के युवा एवं खेल मामलों के मंत्रालय द्वारा स्थापित एक शीर्ष राष्ट्रीय खेल निकाय है।एस.ए.आई में 2 खेल अकादमिक संस्थान, 10- एस.ए.आई क्षेत्रीय केंद्र (एस.आर.सी), 14- उत्कृष्टता केंद्र" (सी.ओ.ई/सी.ओ.एक्स), 56- खेल प्रशिक्षण केंद्र (एस.टी.सी) और 20- विशेष क्षेत्रीय खेल (एस.ए.जी) हैं।

**10.** इंग्लैंड के खिलाफ दूसरे टी-20 अंतर्राष्ट्रीय मैच के दौरान **500 अंतर्राष्ट्रीय मैच** खेलने की उपलब्धि हासिल करने वाले पूर्व भारतीय कप्तान -- **महेंद्र सिंह धोनी।**

**नोट:**अब, सचिन तेंदुलकर (664) और राहुल द्रविड़ (509) के बाद अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में 500 मैच खेलने वाले धोनी तीसरे भारतीय बन गए हैं।धोनी ने 92 टी-20 अंतर्राष्ट्रीय, 90 टेस्ट मैच और 318 एक-दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय मैच खेले हैं।

**11.** तुर्की के मेरसिन में आयोजित एफ.आई.जी आर्टिस्टिक जिमनास्टिक वर्ल्ड चैलेंज कप के वॉल्ट इवेंट में स्वर्ण पदक (14.150 अंक) जीतने वाली भारत की प्रमुख जिमनास्ट -- **दीपा करमाकर।**

**नोट:**दीपा करमाकर ओलंपिक में भाग लेने वाली पहली भारतीय महिला जिमनास्ट हैं।वह अगस्त 2016 में भारत गणराज्य के चौथे उच्चतम नागरिक पुरस्कार 'पद्मश्री' और खेल रत्न पुरस्कार की प्राप्तकर्ता हैं।

**12.** ऑस्ट्रिया के कारिंथिया में आयोजित **आयरनमैन ट्रायथलॉन** को पूरा करने वाली सबसे उम्रदराज भारतीय महिला -- **अंजू खोसला।**

**नोट:**आयरनमैन ट्रायथलॉन में 3.86 किमी तैराकी, 180.25 किमी साइकलिंग और 42.2 किमी की मैराथन दौड़ शामिल है, जिनमें से सभी को बिना रुके पूरा करना होता है।अंजू ने 15 घंटे, 54 मिनट और 54 सेकंड में अपना पहला ट्रायथलॉन पूरा किया और अपने आयु वर्ग (W50) में 41 प्रतियोगियों के बीच 38वां स्थान हासिल किया।

**13.** ताशकंद में आयोजित 2018 आई.डब्ल्यू.एफ जूनियर विश्व भारोत्तोलन चैंपियनशिप में कांस्य पदक हासिल करने वाली भारतीय भारोत्तोलक -- **झिल्ली दालाबेहेरा।**

**नोट:**उन्होंने पोडियम पर तीसरा स्थान हासिल करने के लिए 48 किलोग्राम वर्ग में 167 किलोग्राम वजन उठाया।झिल्ली जूनियर विश्व चैंपियनशिप में वर्ष 2013 में पदक जीतने वाली साईखोम मीराबाई कानू के बाद दूसरी महिला भारोत्तोलक हैं।

**14.** रूस के गैचिना में पाब्लो एबियन (स्पेन) के खिलाफ फाइनल में हारने के बाद **व्हाइट नाइट्स इंटरनेशनल चैलेंज** में उप-विजेता बनने वाले भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी - **अजय जयराम।**

**नोट:**उन्होंने 55 मिनट तक चले अंतिम मुकाबले में पाब्लो से 21-11, 16-21, 17-21 से हारने से पहले टूर्नामेंट में प्रभावशाली प्रदर्शन किया।

**15.** दुनिया के सबसे ऊंचे ज्वालामुखी, माउंट **ओजोस डेल सलाडो** पर चढ़ने वाले दूसरे भारतीय पर्वतारोही -- **सत्यरूप सिद्धांत।**

**16.** एक प्रतिबंधित पदार्थ के सेवन की जांच सकारात्मक पाए जाने के बाद अस्थाई रूप से निलंबित होने वाले और एंटी-डोपिंग नियमों के उल्लंघन करने का आरोप झेलने वाले पाकिस्तान के सलामी बल्लेबाज -- **अहमद शहजाद।**

**नोट:** इससे पहले, मई में घरेलू पाकिस्तान कप टूर्नामेंट के दौरान शहजाद के यूरीन की जांच की गई थी जिसका परिणाम सकारात्मक आया था।अहमद शहजाद ने अप्रैल 2009 में, ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पाकिस्तान के लिए एक दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय और टी-20 अंतर्राष्ट्रीय मैचों में पदार्पण किया था।

**17.** फिनलैंड के टेम्परे में आयोजित आई.ए.ए.एफ विश्व अंडर -20 एथलेटिक्स चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीतने वाली पहली भारतीय महिला -- **हीमा दास।**



फ्री टेस्ट
बैंक, एसएससी, आरआरबी, गेट
जेईई, नीट तथा अन्य परीक्षाएं
अटेम्प्ट करें

**नोट:**उन्होंने महिलाओं की 400 मीटर दौड़ में शीर्ष स्थान पर पहुंचने के लिए 51.46 सेकेंड का समय लिया।अब, वह प्रसिद्ध भाला फेंक खिलाड़ी **नीरज चोपड़ा** के प्रतिष्ठित दल में शामिल हो गईं, जिन्होंने पोलैंड में आयोजित वर्ष 2016 के पिछले संस्करण में स्वर्ण पदक जीता था।

**18.** खेल मंत्रालय के मिशन ओलंपिक सेल (एम.ओ.सी) ने **टारगेट ओलंपिक पोडियम स्कीम** (टी.ओ.पी.एस) के तहत पुरुष हॉकी टीम के 18 सदस्यों में से प्रत्येक के लिए कितने रुपये का मासिक भत्ता मंजूर किया -- **50 हजार रुपये।**

**नोट:**टारगेट ओलंपिक पोडियम (टी.ओ.पी.एस) योजना केंद्रीय खेल विकास निधि (एन.एस.डी.एफ) के सीमा विस्तार के तहत केंद्रीय युवा एवं खेल मामलों के मंत्रालय द्वारा तैयार की गई थी।इस योजना का उद्देश्य वर्ष 2016 और 2020 ओलंपिक खेलों के लिए संभाव्य पदक संभावनाओं की पहचान और समर्थन करना है।

**19.** खेल के सभी प्रारूपों से अपने सन्यास की घोषणा करने वाले भारतीय क्रिकेट खिलाड़ी -- **मोहम्मद कैफ।**

**नोट:**मोहम्मद कैफ (37 वर्षीय) ने भारतीय टीम के लिए लगभग 12 वर्ष पहले खेले गए अंतिम मैच के बाद खेल को अलविदा कहा। मोहम्मद कैफ ने भारत के लिए 13 टेस्ट मैच और 125 एकदिवसीय मैच खेले और उन्हें वर्ष 2002 में नेटवेस्ट ट्रॉफी फाइनल के दौरान लॉर्ड्स में खेली गई 87 रनों की पारी के लिए याद किया जाएगा।

**20.** वर्ष 2018 महिला एकल 'विंबलडन टेनिस टूर्नामेंट किसने जीता -- **एंजेलिक कर्बर।**

**नोट:**कर्बर वर्ष 1996 में स्टेफी ग्राफ के बाद खिताब जीतने वाली पहली जर्मन महिला बन गई हैं।

**21.** राष्ट्रमंडल खेल महासंघ (सी.जी.एफ) के प्रतिष्ठित एथलीट सलाहकार आयोग में एशिया के प्रतिनिधि के रूप में नियुक्त की जाने वाली भारत के शीर्ष स्क्वैश खिलाड़ी -- **दीपिका पल्लीकल।**

**22.** 18वें एशियाई खेलों में 18 सदस्यीय भारतीय पुरुष हॉकी टीम का नेतृत्व कौन करेगा -- **पी.आर. श्रीजेश (गोलकीपर)।**

**नोट:**18वें एशियाई खेलों की शुरुआत 18 अगस्त से जकार्ता और पालेम्बैंग में होगी।

**23.** क्रोएशिया के खिलाफ फीफा विश्व कप 2018 फाइनल किसने जीता -- **फ्रांस।**

**नोट:फ्रांस** ने मास्को में आयोजित एक ऐतिहासिक फाइनल में **क्रोएशिया** (4-2) को हराकर फीफा फुटबॉल विश्व कप 2018 जीता।फ्रांस के **कीलियन एमबाप्पे** ने टूर्नामेंट के सर्वश्रेष्ठ युवा खिलाड़ी का पुरस्कार जीता।

- क्रोएशिया के **लुका मोड्रिक** ने **गोल्डन बॉल** जीती।
- इंग्लैंड के **हैरी केन** ने **गोल्डन बूट** जीता।
- बेल्जियम के **थिबॉट कुर्टियोस** ने सर्वश्रेष्ठ गोलकीपर के लिए **गोल्डन ग्लव्स** का पुरस्कार जीता।

**24.** दक्षिण अफ्रीका के केविन एंडरसन को हराकर विंबलडन चैंपियनशिप 2018 का खिताब किसने जीता__ **नोवाक जोकोविच।**

**नोट:** जोकोविच ने वर्ष 2016 के फ्रेंच ओपन के बाद अपना पहला प्रमुख 13वां ग्रैंड स्लैम 6-2, 6-2, 7-6 (7-3) से जीता।जर्मनी की **एंजेलिक कर्बर** ने **सेरेना विलियम्स** को हराकर महिला एकल खिताब जीता।

**25.** पी.वी. सिंधु को हराकर थाईलैंड ओपन फाइनल किसने जीता -- **ओकुहारा।**

**नोट:**ओलंपिक रजत पदक विजेता **पी.वी. सिंधु** थाईलैंड ओपन फाइनल में जापान की **नोज़ोमी ओकुहारा** से सीधे सेटों में हार गईं।दूसरी वरीयता प्राप्त सिंधु चौथी वरीयता प्राप्त जापानी खिलाड़ी के खिलाफ 50 मिनट में 21-15, 21-18 से मुकाबला हार गईं।





**26.** रूस में आयोजित चौथे विश्व कप टूर्नामेंट के बाद अंतर्राष्ट्रीय फुटबॉल से सन्यास लेने वाले ऑस्ट्रेलियाई फुटबॉलर -- **टिम काहिल।**
**नोट:**रूस में आयोजित चौथे विश्व कप टूर्नामेंट के बाद ऑस्ट्रेलिया के सर्वाधिक गोल करने वाले खिलाड़ी टिम काहिल ने अंतर्राष्ट्रीय फुटबॉल से सन्यास लिया।38 वर्षीय काहिल ने 107 मैचों में 50 अंतर्राष्ट्रीय गोल किए।

**27.** एशियाई खेलों के लिए भारतीय टीम का **मिशन प्रमुख** (Chef de Mission) किन्हें नामित किया गया -- **बृज भूषण शरण सिंह।**
**नोट:**आई.ओ.ए जिसने इंडोनेशिया में 18 अगस्त से 2 सितंबर तक होने वाले एशियाई खेलों के लिए एथलीटों के 524 सदस्यीय दल की घोषणा की थी, नौकायन और हैंडबॉल में अदालत के फैसले के बाद एक संशोधित सूची जारी कर सकता है।2018 एशियाई खेल, जो **इंडोनेशिया** के **जकार्ता** और **पालेम्बैंग** शहरों में 18 अगस्त से 2 सितंबर, 2018 तक आयोजित होने वाले हैं, को 18वें एशियाई खेलों के रूप में भी जाना जाता है।

**28.** नई दिल्ली में आयोजित **एशियाई जूनियर चैम्पियनशिप** की **ग्रीको रोमन श्रेणी** में कांस्य पदक किसने हासिल किया___ **वीरेश कुंडू।**
**नोट:**उन्होंने 97 किलोग्राम वर्ग के कांस्य पदक मुकाबले में जीयोंगयुल क्वोन (दक्षिण कोरिया) को 14-5 से पराजित करके अपना पहला अंतर्राष्ट्रीय पदक जीता।चैंपियनशिप के शुरुआती दिन में भारत ने 4 पदक (1 स्वर्ण, 2 रजत और 1 कांस्य) जीते।

**29.** फ्रांस में आयोजित **मीटिंग इंटरनेशनल डी सोटेविले-लेस-रोवेन** में स्वर्ण पदक हासिल करने वाले भारत के भाला फेंक खिलाड़ी -- **नीरज चोपड़ा।**
**नोट:**नीरज चोपड़ा ने शीर्ष पदक प्राप्त करने के लिए 85.17 मीटर दूर भाला फेंका और मोल्डोवा के एंड्रियन मरडारे ने 81.48 मीटर दूर भाला फेंक कर रजत पदक हासिल किया।कांस्य पदक लिथुआनिया के एडिस मेटू सेविसियस को मिला, जिनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 79.31 मीटर था।

**30.** 2022 बीजिंग शीतकालीन खेलों में सात पदक प्रतिस्पर्धा किसने शामिल कीं -- **अंतर्राष्ट्रीय ओलंपिक समिति (आई.ओ.सी)।**
**नोट:**अगले शीतकालीन ओलंपिक में अब महिलाओं की मोनोबॉब, पुरुषों और महिलाओं के लिए बिग एयर फ्रीस्टाइल स्कीइंग, साथ ही शॉर्ट ट्रैक स्पीड स्केटिंग, स्की जंपिंग, स्की ऐरियल्स और स्नोबोर्ड क्रॉस में मिश्रित टीम प्रतिस्पर्धाएं शामिल होंगी।**अंतर्राष्ट्रीय ओलंपिक समिति** (आई.ओ.सी) स्विट्जरलैंड का निजी गैर-सरकारी संगठन है जो **लुसाने, स्विट्ज़रलैंड** में स्थित है।

**31.** इटली के रोमा से इंग्लैंड के **लिवरपूल** में क्लब स्थानांतरण करते समय **84 मिलियन अमेरिकी डॉलर** के रिकॉर्ड के साथ दुनिया के **सबसे महंगे गोलकीपर** बनने वाले ब्राजील के फुटबॉलर -- **एलिसन बेकर।**
**नोट:**वह एडर्सन मोरास (61.4 मिलियन अमेरिकी डॉलर, मैनचेस्टर सिटी) से आगे निकल गए।

**32.** **भारतीय खेल प्राधिकरण** (एस.ए.आई) ने खेल प्रतिभा के विकास के लिए किस कौशल विकास योजना के तहत छात्रवृत्ति हेतु **734 युवाओं** का चयन किया है -- **खेलो इंडिया।**
**नोट:**इस कार्यक्रम के माध्यम से, एथलीटों को सरकारी मान्यता प्राप्त आवासीय अकादमियों में प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा।प्रत्येक चयनित खिलाड़ी (तिमाही आधार) को **1.2 लाख रुपये** का वार्षिक वेतन दिया जाएगा ताकि वे जेब खर्च, चोटों के इलाज और अन्य खर्चों को पूरा कर सकें।



फ्री टेस्ट
बैंक, एसएससी, आरआरबी, गेट
जेईई, नीट तथा अन्य परीक्षाएं
अटेम्प्ट करें

**33.** पहली बार ए.टी.पी फाइनल में पहुंचे **रामकुमार** (भारत) को हराकर न्यूपोर्ट खिताब 2018 किसने जीता -- **अमेरिका के स्टीव जॉनसन।**

**नोट:** स्टीव जॉनसन ने रामकुमार रामनाथन (चेन्नई से) को न्यूपोर्ट के ग्रॉस कोर्ट में 7-5, 3-6, 6-2 से हराकर अपने करियर का चौथा ए.टी.पी खिताब हासिल किया।

**34.** भारत ने कहां पर आयोजित जूनियर एशियाई कुश्ती चैंपियनशिप में 8 पदक जीते -- **नई दिल्ली।**

**नोट:** सचिन राठी (74 किलोग्राम वर्ग), दीपक पुनिया (86 किलोग्राम वर्ग) ने स्वर्ण जीता।**ईरान** (189 अंक) टीम चैम्पियनशिप में **शीर्ष** पर है।**भारत** (173 अंक) **दूसरे स्थान** पर जबकि उजबेकिस्तान (128 अंक) तीसरे स्थान पर रहे।

**35.** नाइजीरिया में आयोजित लागोस अंतर्राष्ट्रीय बैडमिंटन टूर्नामेंट में पुरुषों का युगल खिताब बरकरार रखने वाले वरिष्ठ राष्ट्रीय चैंपियन -- **मनु अत्री और सुमित रेड्डी।**

**नोट:**उन्होंने फाइनल में वैभव और प्रकाश राज को 21-12, 21-12 से हराया।लागोस अंतर्राष्ट्रीय बैडमिंटन टूर्नामेंट नाइजीरिया के लागोस में आयोजित होने वाला एक वार्षिक ओपेन अंतर्राष्ट्रीय बैडमिंटन टूर्नामेंट है।लागोस अंतर्राष्ट्रीय टूर्नामेंट का आयोजन लागोस स्टेट बैडमिंटन एसोसिएशन (एल.एस.बी.ए) और नाइजीरियाई बैडमिंटन महासंघ द्वारा किया जाता है।

36. भारतीय बैडमिंटन संघ (बी.ए.आई) ने किस युवा बैडमिंटन खिलाड़ी के लिए 10 लाख रुपये के नकद इनाम की घोषणा की है --**लक्ष्य सेन।**

**नोट:**लक्ष्य सेन बैडमिंटन एशिया जूनियर चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक हासिल करने वाले तीसरे भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी बन गए हैं।

**37.** पुरुषों की श्रेणी में 2017 अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (ए.आई.एफ.एफ) प्लेयर ऑफ द ईयर चुने गए भारतीय फुटबॉलर -- **सुनील छेत्री।**

**नोट:**

- **कमला देवी** को 2017 ए.आई.एफ.एफ **महिला प्लेयर ऑफ द ईयर** चुना गया।
- युवा **अनिरुद्ध थापा** को **2017 इमर्जिंग फुटबॉलर ऑफ द ईयर** घोषित किया गया।
- गोलकीपर **ई. पंथोई** को 2017 **महिला इमर्जिंग फुटबॉलर ऑफ द ईयर** चुना गया।

**38.** विश्व जूनियर स्क्वैश चैम्पियनशिप की पुरुषों की टीम प्रतियोगिता कहां आयोजित हुई -- **चेन्नई।**

**नोट:**चैंपियनशिप में कुल 24 देश (आठ समूहों में विभाजित) भाग ले रहे हैं और प्रत्येक समूह से दो टीम नॉक-आउट चरण में आगे बढ़ेगी।भारत को पांचवीं वरीयता में स्विट्जरलैंड और सऊदी अरब के साथ ग्रुप-E में रखा गया है।

**39.** **सीना नोवेहो मेस्ता नैड मेतुजी** प्रतियोगिता में अपना 400 मीटर का राष्ट्रीय रिकॉर्ड तोड़ने वाले भारतीय धावक-- **मोहम्मद अनस।**

**नोट:**उन्होंने टूर्नामेंट में 45.24 सेकेंड के समय के साथ (इससे पहले राष्ट्रीय रिकॉर्ड 45.31 सेकेंड) स्वर्ण जीतते हुए यह मुकाम हासिल किया।

**40.** एकदिवसीय अंतर्राष्ट्रीय (ओ.डी.आई) में दोहरा शतक लगाने वाले पाकिस्तान के पहले खिलाड़ी -- **फखर जमान।**

**नोट:**फखर जमान एकदिवसीय प्रारूप में 1,000 रनों का आंकड़ा इतिहास में सबसे तेज पार करने वाले खिलाड़ी बने।फखर जमान (18-पारी में) ने वेस्टइंडीज के क्रिकेटर विवियन रिचर्ड्स (21 मैचों में) का रिकॉर्ड तोड़ा।

41. जर्मनी में हॉकेनहेमरिंग ट्रैक पर आयोजित **जर्मन ग्रांड प्रिक्स 2018** जीतने वाले ब्रिटिश रेसिंग ड्राइवर -- **लुईस हैमिल्टन।**

**नोट:**हैमिल्टन की P14 से पोडियम की अंतिम सीढ़ी तक की रिकवरी ड्राइव को फॉर्मूला 1 में पहले ही उनकी सर्वश्रेष्ठ जीत में से एक माना जा रहा है।2018 जर्मन



फ्री टेस्ट
बैंक, असअससी, आरआरबी, गेट
जेईई, नीट तथा अन्य परीक्षाएं
अटेम्प्ट करें

ग्रांड प्रिक्स जर्मनी में आयोजित फॉर्मूला वन मोटरकार रेस थी।

**42.** केंद्रीय मंत्री **राजवर्धन राठौर** ने किस पूर्व तीरंदाज के लिए पांच लाख रुपये की वित्तीय सहायता मंजूर की -- **अशोक सोरेन।**

**नोट:**वर्तमान में वह जमशेदपुर (झारखंड) में गरीबी में जीवन निर्वाह कर रहे हैं।वित्तीय सहायता खिलाड़ियों के लिए **पंडित दीनदयाल उपाध्याय राष्ट्रीय कल्याण कोष** से दी गई है।

**43.** अपने करियर में छठी बार हंगरी ग्रांड प्रिक्स किसने जीती -- **लुईस हैमिल्टन।**

**नोट:**उन्होंने सेबस्टियन वेट्टल (मर्सिडीज) पर 17.123-सेकेंड की बढ़त के साथ और फिनलैंड (फेरारी) के किमी रायकोनन पर 20 सेकंड की बढ़त के साथ जीत हासिल की।2018 हंगरी ग्रांड प्रिक्स हंगरी के मोग्योरॉड में हंगेरोरिंग में आयोजित फॉर्मूला वन मोटर रेस थी।

**44.** अर्जेंटीना के खिलाफ किसके द्वारा किए गए शानदार गोल को **फीफा विश्व कप 2018** का **सर्वश्रेष्ठ गोल** चुना गया -- **बेंजामिन पावार्ड।**

**नोट:**अर्जेंटीना के साथ चैंपियन फ्रांस के अंतिम-16 के मुकाबले में स्टटगार्ड के डिफेंडर ने लुका हर्नांडेज के क्रॉस पर लेफ्ट विंग से दौड़ लगाई और दाएं पैर से गोल के ऊपरी कोने में हाफ वॉली शॉट मारकर स्कोर बराबर कर दिया।जापान के खिलाफ कोलंबिया के जुआन क्विंटेरो की फ्री-किक दूसरा सर्वश्रेष्ठ गोल चुना गया।

**45.** व्लादिवोस्तोक में आयोजित **रूस ओपन बैडमिंटन ट्रॉफी -2018** जीतने वाले भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी -- **सौरभ वर्मा।**

**नोट:**खिताबी मुकाबले में, सौरभ ने जापान के कोकी वतानाबे को 18-21, 21-12, 21-17 से हराया और सत्र का पहला खिताब जीता।भारतीय मिश्रित युगल जोड़ी रोहन कपूर और कुहू गर्ग को रूस के व्लादिमीर इवानोव और कोरिया की मिन क्यूंग किम से 19 -21, 17-21 हारकर दूसरे स्थान से संतोष करना पड़ा।

**46.** विश्व बैडमिंटन चैम्पियनशिप 2018 (XXIV) का शुभारंभ कहां हुआ -- **नानजिंग, चीन।**

**नोट:**बी.डब्ल्यू.एफ विश्व चैंपियनशिप (जिसे विश्व बैडमिंटन चैम्पियनशिप भी कहा जाता है) बैडमिंटन विश्व महासंघ (बी.डब्ल्यू.एफ) द्वारा स्वीकृत बैडमिंटन टूर्नामेंट है।

**47.** चेन्नई में आयोजित डब्ल्यू.एस.एफ-विश्व जूनियर स्क्वैश टीम चैंपियनशिप में पुरुषों का खिताब किसने जीता -- **मिस्र।**

**नोट:** चेक गणराज्य एवं अमेरिका तीसरे स्थान पर रहे और कांस्य पदक हासिल किया।

**48.** तुर्की के इस्तांबुल में आयोजित **यासर दोगु इंटरनेशनल** में लगातार अपना दूसरा अंतर्राष्ट्रीय स्वर्ण पदक किसने जीता --**बजरंग पूनिया।**

**नोट:संदीप तोमर** को रजत पदक से संतोष करना पड़ा।भारतीय पहलवान रैंकिंग कार्यक्रम से 10 पदक (महिला -7, पुरुष -3) के साथ लौटे।महिलाओं की प्रतिस्पर्धा में, **पिंकी** 55 किलोग्राम वर्ग में अकेली स्वर्ण पदक विजेता रहीं।

**-------------0------------**



फ्री टेस्ट
बैंक, असअससी, आरआरबी, गेट
जेईई, नीट तथा अन्य परीक्षाएं
अटेम्प्ट करें



## बैंकिंग, एसएससी, गेट, सीटीईटी, जेईई एवं अन्य प्रवेश परीक्षाएं

- नवीनतम परीक्षा पैटर्न पर आधारित
- हिंदी और अंग्रेजी में उपलब्ध है
- अखिल भारतीय रैंक और परिणाम विश्लेषण प्राप्त करें
- विस्तृत समाधान

ANDROID APP ON
Google play

